दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 301 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | गुरुवार, 04 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## GST के अब केवल दो स्लैब 5% और 18%, 22 सितंबर से लागू होंगे; हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं

# रोटी-पिज्जा, दूध जीएसटी फ्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अब GST के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5% और 18% होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ AC, कार भी सस्ते होंगे। GST काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, छेना समेत कई फूड आइटम GST फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। इसके अलावा लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28% की जगह 40% GST लगाया जाएगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350cc से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे।



### नए स्लैब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे

वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। हालांकि, तंबाकू वाले सामान पर नई 40% GST दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

### इन फूड प्रोडक्ट पर अब जीरो जीएसटी

वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में बदलाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सामानों की लिस्ट भी शेयर की, जिनपर अब तक 5 से लेकर 18 फीसदी तक जीएसटी लागू था, लेकिन ताजा बदलाव के तहत इन्हें टैक्स फ्री कर दिया गया है, मतलब इन सामानों को Zero GST के दायरे में लाया गया है. इसमें खासतौर पर कई फूड प्रोडक्ट शामिल हैं. जैसे, रेडी टू ईट पराठा को अब 18 फीसदी की जगह टैक्स फ्री कर दिया गया है. इस कैटेगरी में शामिल किए गए।

- यूएचटी दूध
- छेना
- पनीर
- पिज्जा
- सभी तरह की ब्रेड
- रेडी टू ईट रोटी
- रेडी टू ईट पराठा

### GST काउंसिल के मंत्रियों के समूह से मिल चुकी मंजूरी

पिछले हफ्ते ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (GoM) ने केंद्र सरकार के दो स्लैब वाले प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 21 अगस्त को बताया था कि ग्रुप ने मौजूदा 12% और 28% की दरों को हटाकर 5% और 18% के स्ट्रक्चर के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### शिक्षा से जुड़े सामान टैक्स फ्री

पहले से उम्मीद जताई जा रही थी कि सरकार शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं पर बड़ी राहत दे सकती है, तो ये सच साबित हुई है और जीएसटी की बैठक में एजुकेशन से जुड़े तमाम सामान को जीरो टैक्स स्लैब में शामिल किया गया है, जिन पर अब तक 12 फीसदी की दर से टैक्स लागू था. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके बारे में जानकारी देते हुए शून्य जीएसटी में लाए गए ऐसे सामानों के बारे में बताया।

### ये बदलाव नागरिकों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे: PM

पीएम मोदी ने X पर लिखा, 'मुझे खुशी है कि जीएसटी काउंसिल ने केंद्र सरकार के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें जीएसटी दरों में कटौती और कई सुधार शामिल हैं। इससे आम जनता, किसान, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाएं और युवा सभी को फायदा होगा। ये बड़े बदलाव हमारे नागरिकों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे और कारोबार करना आसान करेंगे। खासकर छोटे व्यापारियों और व्यवसायों को मदद मिलेगी।'

## न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर का कंबोडिया से प्रत्यर्पण



**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** हरियाणा के कुख्यात वांछित अपराधी मैनपाल ढिल्ला को राज्य पुलिस, केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में कंबोडिया से प्रत्यर्पित किया गया। मैनपाल बादली और सोनू कुमार के नाम से भी पहचाने जाने वाले ढिल्ला पर हत्या समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उस पर जेल में रहते हुए एक हत्या करने का भी आरोप है। उसे 17 जुलाई 2018 को पैरोल पर रिहा किया गया था, जिसके बाद वह फर्जी पहचान पत्र के साथ विदेश भाग गया था।

### बलूचिस्तान में आत्मघाती विस्फोट में 14 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक रैली के समाप्त होने के तुरंत बाद हुए आत्मघाती बम विस्फोट में 14 लोग मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने बताया कि यह विस्फोट मंगलवार रात को सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रैली के समापन के बाद सरियाब क्षेत्र में शाहवानी स्टेडियम के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, विस्फोट रैली समाप्त होने के लगभग 15 मिनट बाद हुआ। हमलावर ने पार्किंग क्षेत्र में विस्फोटकों से लदी अपनी जैकेट में कथित तौर पर उस समय विस्फोट कर दिया, जब लोग रैली में भाग लेने के बाद वहां से निकल रहे थे।

### भूटान के प्रधानमंत्री आज भारत यात्रा पर

**कराची।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक रैली के समाप्त होने के तुरंत बाद हुए आत्मघाती बम विस्फोट में 14 लोग मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने बताया कि यह विस्फोट मंगलवार रात को सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रैली के समापन के बाद सरियाब क्षेत्र में शाहवानी स्टेडियम के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, विस्फोट रैली समाप्त होने के लगभग 15 मिनट बाद हुआ। हमलावर ने पार्किंग क्षेत्र में विस्फोटकों से लदी अपनी जैकेट में कथित तौर पर उस समय विस्फोट कर दिया, जब लोग रैली में भाग लेने के बाद वहां से निकल रहे थे।

जर्मन विदेश मंत्री नई दिल्ली के दौरे पर

## भारत-जर्मनी में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं: मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और विनिर्माण जैसे क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को और व्यापक बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

मोदी ने यह बात जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात के बाद कही। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत और जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। जीवंत लोकतंत्र और अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार, विनिर्माण जैसे क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने की अपार संभावनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक बहुध्रुवीय विश्व, शांति और संयुक्त राष्ट्र सुधारों के लिए एक समान दृष्टिकोण रखते हैं। मैंने जर्मन चांसलर को शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दोहराया। वेडफुल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद जर्मनी के विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यूक्रेन में युद्ध विराम के लिए भारत के आह्वान की सराहना की।



### भारत-यूरोपीय संघ में एफटीए को अंतिम रूप जल्द दिया जाए: जयशंकर


इस बीच,विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य में अस्थिरता ने भारत और जर्मनी के बीच संबंधों को विस्तार देने के लिए एक बहुत ही मजबूत मामला बना दिया है और नई दिल्ली और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाना चाहिए क्योंकि इससे विश्व अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ अपनी वार्ता के बाद, जयशंकर ने भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी बर्लिन के संकल्प का भी स्वागत किया और कहा कि विचार-विमर्श का ध्यान व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और गतिशीलता के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना था।

### भारत अब कर रहा शून्य शुल्क की पेशकश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की वजह से अमेरिका को व्यापार में 'नुकसान' उठाना पड़ा है लेकिन उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत ने अब 'शून्य शुल्क' की पेशकश की है। ट्रंप ने रेडियो शो 'द स्कॉट जेनिंग्स शो' पर बातचीत में कहा कि भारत हमारे खिलाफ शुल्क लगाता है। चीन हमारे खिलाफ बहुत शुल्क लगाता है। ब्राजील भी ऐसा करता है। भारत सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश रहा है, लेकिन अब उन्होंने मुझे शून्य शुल्क की पेशकश की है। ज्ञात रहे कि ट्रंप ने पिछले महीने भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इस तरह 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत शुल्क लग रहा है।

ट्रंप ने बाद में व्हाइट हाउस में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे हैं, लेकिन यह रिश्ता लंबे समय तक 'एकतरफा' ही रहा क्योंकि अमेरिका पर भारत 'भारी शुल्क' लगाता रहा।

### शिष्टाचार भेंट...



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों की राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुईं। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा को अपने एक वर्ष के कार्यकाल के आलोक में प्रकाशित पुस्तक "अभ्युदय की ओर" की प्रति भी भेंट की।

### अभिनेता आशीष कपूर को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेता आशीष कपूर को दिल्ली पुलिस ने पुणे से हिरासत में लिया है। एक महिला ने अभिनेता पर राष्ट्रीय राजधानी में एक पार्टी में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पीड़ित महिला कपूर से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आई थी और उसने आरोप लगाया कि दुष्कर्म की यह घटना अगस्त के दूसरे सप्ताह में दिल्ली में एक पार्टी में हुई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि कपूर ने शौचालय में उसका यौन उत्पीड़न किया।




राज्य सरकार की योजनाओं के केन्द्र में किसानों का सशक्तीकरण...

## कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सेवाओं के विस्तार में लाएं गति : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमारी योजनाएं और नीतियां किसानों का सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ विकसित राजस्थान-2047 की यात्रा में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी बजटीय घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करें जिससे किसानों और पशुपालकों को धरातल पर उनका लाभ मिल सके।



शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी तथा गोपालन विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि को रोजगारोन्मुखी व्यवसाय बनाने के दृष्टिगत दूरगामी निर्णय ले रही है। शर्मा ने कृषि में उन्नत तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के साथ ही किसानों के लिए सुविधाओं एवं सेवाओं में द्रुतगति से विस्तार के लिए विशेष निर्देश दिए।

### कस्टम हायरिंग सेंटर्स का हो व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को उचित दर पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में 1 हजार कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन सेंटर्स के संचालन के लिए एफपीओ को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, जीएसएस, केवीएसएस और पंचायत द्वारा भी संचालन की जिम्मेदारी पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना से पूर्व अन्य राज्यों के मॉडल का परीक्षण करने और श्रेष्ठ मॉडल को लागू करने के लिए निर्देशित भी किया।

## बिराटिया मेले को लेकर सक्रिय हुआ ब्यावर रोडवेज डिपो

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर बाबा रामदेव के ऐतिहासिक बिराटिया मेले को देखते हुए ब्यावर रोडवेज डिपो प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए डिपो ने चार विशेष बसें लगाई हैं, साथ ही अत्यधिक यात्री भार होने पर अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी। बारिश के बावजूद मेले को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले में लाखों श्रद्धालु बाबा रामदेव के दर्शन करने बिराटीया पहुंचते हैं। परंपरा के अनुसार बाबा रामदेवरा से ज्योत चलकर बिराटीया आती है, जो आस्था और भक्ति का अद्वितीय प्रतीक मानी जाती है।मेले की व्यवस्थाओं को यात्री सेवाओं की निगरानी करना और भीड़भाड़ में व्यवस्था बनाए रखना है। ब्यावर जिला प्रशासन भी मेले को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहा है। सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। रोडवेज और प्रशासन की संयुक्त सक्रियता से उम्मीद जताई जा रही है कि श्रद्धालुओं को यात्रा व दर्शन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा: साहवा में जनजागृति कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर बुधवार को नेत्र संग्रह केंद्र, सरदारशहर की टीम द्वारा साहवा में नेत्रदान जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। पारीक सदन में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नेत्रदान के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी गई। नेत्र संग्रह केंद्र के डॉ. रविन्द्र कुमार, समन्वयक गणेशदास स्वामी और तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने नेत्रदान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जयपुर एवं जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, चूरू द्वारा प्रकाशित नेत्रदान जागरूकता सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर बनवारीलाल तिवाड़ी, विकास पारीक, संदीप, माईकल, हर्ष, भरत, मुकेश, राजेन्द्र तिवाड़ी और रवि पारीक सहित कई लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहवा में चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों और उपस्थित रोगियों के परिजनों को नेत्रदान की जानकारी दी गई।

## श्याम मंदिर सेवा धाम में जलझूलनी एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार को मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विशेष श्रृंगार में बाबा श्याम को रजनीगंधा, गेंदा, गुलाब, नोरंगा, ऑर्केट और तुलसी दल की मालाओं से सजाया गया। सुबह तेज बारिश के बावजूद भक्त दर्शन करने मंदिर पहुंचे। करीब 11 बजे हुई बारिश में कुछ श्रद्धालु मंदिर परिसर और आसपास की दुकानों में रुके, जबकि कई भक्त बारिश में भीगते हुए दर्शन करने आए। आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं की पदयात्रा भी मंदिर तक पहुंची। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। महिलाओं और बच्चों ने प्रसाद के साथ-साथ खिलौने और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की खरीदारी की। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता बना रहा और जलझूलनी एकादशी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

## जलझूलनी एकादशी पर इंद्रदेव की कृपा से ब्यावर में भक्ति का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** श्रद्धा, आस्था और उल्लास का प्रतीक जलझूलनी एकादशी पर्व बुधवार को ब्यावर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इंद्रदेव की मेहरबानी से मौसम सुहावना रहा और शहर में भक्ति का उत्साह उमड़ पड़ा। शहर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी की रेवडियां निकाली गईं। रास्ते भर 'हाथी, घोड़ा, पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से बाजार गूंज उठे।सभी रेवडियां भारत माता सर्किल पर एकत्र हुईं, जहां उनका भव्य मिलाप हुआ। इसके बाद शोभायात्रा के रूप में रेवडियां सुभाष उद्यान स्थित बिचड़ली तालाब की पाल पर पहुंचीं। यहां सूर्यास्त के समय ठाकुरजी को जलविहार कराया गया और महाआरती का आयोजन हुआ

महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया किया गयाऔर फिर ठाकुर जी की रेवडियां पुनः अपने-अपने मंदिरों में लौटी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। रंग-बिरंगे ध्वज, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।जलझूलनी एकादशी पर शहर में श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था। भक्ति, उत्साह और सौहार्द्र से परिपूर्ण इस पर्व ने संपूर्ण नगर को कृष्णमय कर दिया।

### व्यवस्थाओं की सराहना व दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश चन्द्र मीणा ने किया ब्यावर आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** निदेशालय आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश चन्द्र मीणा ने चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय ब्यावर एवं नवीन स्वीकृत जिला आयुष कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण के समय चिकित्सालय के डॉ. आशीष सोनी, हुकम सिंह व रविन्द्र सिंह चौहान ने क्षारसूत्र चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा केंद्र एवं आँचल प्रसूता केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मीणा ने वार्ड में भर्ती रोगियों से सीधे संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की और चिकित्सालय से मिल रही सेवाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (माँ योजना) से लाभान्वित रोगियों के बारे में भी जानकारी लेकर इसकी प्रभावशीलता की सराहना की।औषध भंडार कक्ष का निरीक्षण करते हुए डॉ. मीणा ने स्टोर कीपर हुकम सिंह की औषध व्यवस्था की खुलकर प्रशंसा की तथा समय पर औषध मांग पत्र तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। वहीं, आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी डॉ. नेहा सोनी से वार्ता कर चल रही योजनाओं का फीडबैक लिया और केंद्र में नवीन नवाचार जोडक़र विभाग को अवगत करवाने के लिए कहा। साथ ही पथ्य सामग्री की समय रहते आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।पंचकर्म चिकित्सा केंद्र का अवलोकन कर डॉ. मीणा ने स्टाफ के कार्य की सराहना की तथा शीघ्र ही विभाग द्वारा आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आरोग्य समिति कोष से चिकित्सालय में आवश्यक संसाधन क्रय करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान डॉ. मीणा ने चिकित्सालय को जिले का आदर्श आयुष चिकित्सालय बनाने का संकल्प लिया और समस्त कार्मिकों से टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की। नवीन स्वीकृत जिला आयुष कार्यालय ब्यावर का भी उन्होंने निरीक्षण कर सहायक निदेशक डॉ. चन्द्र प्रकाश सेन को कार्यालय संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर चिकित्सालय स्टाफ रेखराज भट्ट, देवेंद्र कुमार पंवार, धर्मीचंद रेगर, लाड़ कंवर, कोमल परिहार, सुशील मित्तल सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## धूमधाम के साथ मनाई गई जलझूलनी एकादशी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** बुधवार को कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में जलझूलनी एकादशी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रागपुरा और पावटा के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी के डोले निकाले गए। प्रागपुरा में श्रीकृष्ण गौशाला स्थित गोपीनाथ मंदिर, रामलीला मैदान स्थित चतुर्भुज मंदिर, सकड़ी वाली से चिंताहरण मंदिर, सीताराम मंदिर, सत्यनारायण मंदिर और गोपालदास मंदिर में विराजमान चारों भाईयों—कल्याण जी, बिहारी जी, सीताराम जी और केशवराय जी—को श्रद्धालुओं ने कस्बे के प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण कराते हुए प्रागपुरा थाने स्थित ग्राम सेवा समिति के सामने लाया। वहां भगवान को जलविहार करवाकर झूला झूलाया गया और एकादशी की कथा का आयोजन हुआ। इसके पश्चात चारों भाईयों की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई।

पावटा कस्बे में मोदी मंदिर, मुरलीधर मंदिर, श्याम मंदिर, केशव सागर, राणी सती मंदिर तथा बडनगर में गोपालदासजी की बगीची और टोरडा में भरतदास मंदिर में भी सुंदर झांकियों के साथ जलझूलनी उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और चारों भाई रात में अपने-अपने मंदिरों को लौटे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, सत्यनारायण शर्मा, मोहन लाल भागवती, श्याम सुंदर शर्मा, नितिन बंसल, नरेश स्वामी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### श्री मेवाड़ हेलीकाप्टर सर्विसेज उदयपुर ने पूरे किए 10 वर्ष

## नई वेबसाइट व मोबाइल एप्प का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** शुन्य से दस वर्ष की यात्रा पूरी करने पर श्री मेवाड़ हेलीकाप्टर सर्विसेज उदयपुर ने सिटी पैलेस में एक भव्य समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर श्रीजी हुजूर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कंपनी की डिजिटल सेवाओं—नई वेबसाइट और हेलीकाप्टर सर्विसेज एप्प—का शुभारंभ किया। कंपनी के फाउंडर कैप्टिन विक्रांत शाकद्वीपी ने भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि वे उदयपुर को प्राइवेट एयर कनेक्टिविटी से जोडऩे के साथ ही राजस्थान के अन्य क्षेत्रों में भी हेलीकाप्टर और चार्टर सेवा उपलब्ध कराएंगे। सीईओ प्राची शाकद्वीपी ने एप्प के बारे में जानकारी साझा की कि अब घर बैठे ही सभी लोग हेलीकाप्टर और चार्टर प्लेन बुक कर सकते हैं और अन्य सर्विसेज का लाभ अपने मोबाइल से प्राप्त कर सकते हैं। यह एप्प गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर दोनों पर उपलब्ध होगी। समारोह के दौरान कंपनी के पुराने स्टाफ को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा सीईओ प्राची शाकद्वीपी, प्रबंध निदेशक कैप्टन विक्रांत शाकद्वीपी और जयपुर ब्रांच हेड हर्ष सोनी ने गुलदस्ता व उपरना पहनाकर श्रीजी लक्ष्यराज सिंह का स्वागत किया। अंत में केक कट कर लक्ष्यराज सिंह ने सभी को शुभकामनाएँ दी और कंपनी की भविष्य में प्रगति की कामना की।

## किसी भी काम में हिंसा न हो, ध्यान रखें साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** श्वेताम्बर वासुपूज्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी ने श्रावक धर्म के नियमों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी काम में हिंसा न हो, यह ध्यान रखना चाहिए और अगर आवश्यक हो तो कम से कम हिंसा हो। हरी वनस्पति खाने के दौरान भी कम से कम नुकसान पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए और हिंसा करने वाली चीजों का त्याग करना चाहिए। साध्वीश्रीजी ने मन, वचन और काया के तीनों आयामों में हिंसा से बचने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि केवल विचार करना भी हिंसा है। सत्य बोलना चाहिए लेकिन अप्रिय या किसी को ठेस पहुँचाने वाला नहीं। क्रोध, लोभ, भय और हास्य के कारण झूठ बोलना नहीं चाहिए। जब तक संभव हो चुप रहना बेहतर है। किसी की जान बचाने के लिए मजबूरी में झूठ बोलना स्वीकार्य है, लेकिन अन्यथा झूठ से बचना चाहिए। साध्वीश्रीजी ने मोबाइल और आधुनिक जीवन से उत्पन्न झूठ और पापों के बारे में भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गलत सलाह न दें, दहेज न लें, सोना-चांदी पाने के लिए झूठ न बोलें और किसी की गुप्त बातें साझा न करें। अपशब्दों से बचें और मौन का पालन करें ताकि कम बोलने की आदत बने।

साथ ही उन्होंने अचौर्य का पालन करने और चोरी से दूर रहने की शिक्षा दी।

## लोक देवता रामदेव पीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के ग्राम ललाना स्थित रामदेव मंदिर में लोक देवता रामदेव पीर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर में दोपहर को भोग अर्पित कर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर पुजारी श्योराम दास स्वामी ने बताया कि रामदेव पीर राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोक देवता हैं। उनका जन्म भादो शुक्ल पक्ष दूज, वि.स. 1409 में पोकरण क्षेत्र के शासक अजमल जी के घर हुआ था। उन्होंने कहा कि रामदेव पीर के चमत्कारों की चर्चा चारों ओर फैल गई थी। जब मक्का के पांच पीरों ने उनकी परीक्षा लेने का निर्णय लिया, तो रामदेव पीर ने उनकी आवभगत की और उन्हें भोजन कराया। पीरों के कटोरे में भोजन करने की इच्छा पूरी की और चमत्कारिक रूप से उनके कटोरे उनके सामने प्रकट हो गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व सरपंच चिमनपुरा ख्यालीराम गुर्जर, अजय कुमार टॉक, सुनील शर्मा, मदन स्वामी, अंकित सैनी, पूजा स्वामी सहित अन्य लोगों ने रामदेव पीर की पूजा-अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## जीवन शेयर बाजार की तरह: आचार्य ज्ञानचन्द्र महाराज

**उदयपुर।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्य ज्ञानचन्द्र महाराज ने जीवन और कर्मों के उतार-चढ़ाव की तुलना शेयर बाजार से की। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे-बुरे कर्मों का लगातार उतार-चढ़ाव चलता रहता है। खुशनसीब वही नहीं है जिसके नसीब अच्छे हों, बल्कि वह है जो अपने नसीब से संतुष्ट और खुश है। आचार्य ज्ञानचन्द्र महाराज ने बताया कि भगवान महावीर ने कहा है कि हर स्थिति को कर्मों के उदय भाव के रूप में जानकर संतोष और प्रसन्नता बनाए रखनी चाहिए। जीव समय-समय पर सात-आठ कर्म बांधता और सात-आठ कर्म तोड़ता है।

### रात को आठ बजे के बाद भी खाजूवाला में बिकती है शराब

# खाजूवाला मण्डी में बढ़ती चोरी व नशे की बिक्री पर आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**खाजूवाला(दलीप नोखवाल)।** खाजूवाला मण्डी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और नशे की खुलेआम बिक्री को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। इसको लेकर मण्डीवासियों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन एसडीएम पंकज गढ़वाल को सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। कमलेश कुमार बिश्नोई ने कहा कि 2 अगस्त को वार्ड नंबर 5 और 14 में दिनदहाड़े लाखों रुपये की चोरी हुई, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी। इसी तरह अस्पताल के सामने स्थित ट्यूबवेल की दुकान से भी लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया, परंतु मामलों में केवल दिलासा देकर पीड़ितों को गुमराह किया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मण्डी खाजूवाला में चिट्टा, स्मैक, गांजा और अन्य नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं, जिनके कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। हाल ही में नशे का इंजेक्शन लेने से एक युवक की मौत हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने इस मामले में भी कोई खुलासा नहीं किया।

लोगों का आरोप है कि शराब की दुकानों पर भी रात आठ बजे के बाद अवैध बिक्री की जाती है। प्रशासन और विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दस दिन के भीतर चोरी की वारदातों और नशे की बिक्री पर रोक लगाने के साथ-साथ दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो पुलिस थाने का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए पूरी तरह से प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस मौके पर 2 केएलडी 0आरडी के कमलेश कुमार बिश्नोई, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अब्दुल सत्तार, एडवोकेट रामकुमार तेतरवाल, आनंदगढ़ सरपंच दूरसदान चारण, चुनीलाल मोटसरा, खलील बलोच, मकबूल बलोच माधोडिग्गी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# थाईलैंड के प्रतिनिधिमंडल का जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दो दिवसीय दौरा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) ओर डिपार्टमेंट ऑफ थाई ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन (जन स्वास्थ्य मंत्रालय,थाईलैंड) के मध्य आयुर्वेद एवं थाई पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु 27 फरवरी को रूश किया गया था।

इसके अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों गतिविधियों और चिकित्सा पद्धति को देखने और जानकारी लेने के साथ डिपार्टमेंट ऑफ थाई ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी को आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए साझा किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि भारत और थाईलैंड की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जीवन विज्ञान पर आधारित हैं और इनकी जड़ें समान हैं। उन्होंने कहा आयुर्वेद भारत में स्थापित चिकित्सा परंपरा है, तो थाई ट्रेडिशनल मेडिसिन भी वहाँ की समृद्ध धरोहर है। दोनों के सिद्धांत एक-दूसरे से मिलते हैं। इस एमओयू के तहत हम शोध, फैकल्टी और विद्यार्थियों का आदान-प्रदान करेंगे और मिलकर नई संभावनाओं पर काम करेंगे। ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप का गठन करेंगे, दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए फैकल्टी द्वारा लेक्चरर की सीरीज बनाई जाएगी, दोनों देशों के फार्माकोपियल मोनोग्राफ का विश्लेषण करेंगे। साथ ही बहुत जल्दी थाई मेडिसिन स्टडी और रिसर्च के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में केंद्र स्थापित किया जाएगा और थाईलैंड के अंदर आयुर्वेद की पढ़ाई और रिसर्च के लिए केंद्र स्थापित किया जाएगा।

यह पहल वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आयुष मंत्रालय का लक्ष्य है कि आयुर्वेद को वैश्विक पटल पर स्थापित किया जाए। इस दिशा में थाईलैंड जैसे देशों के साथ सहयोग अहम भूमिका निभा सकता है।

इस दौरान थाई प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान के विभिन्न विभागों को विजिट कर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की कार्यप्रणाली और शोध गतिविधियों को नजदीक से समझा।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि संस्थान में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रयोगशालाओं का संगम देखकर वे प्रभावित हुए। पंचकर्म चिकित्सा प्रक्रिया को देखा और कहा कि यह केवल शारीरिक शुद्धि नहीं बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करती है। आयुर्वेद और थाई पारंपरिक चिकित्सा का यह संगम जनस्वास्थ्य को नई दिशा देगा और बेहतर जीवनशैली अपनाने में मदद करेगा।

# डॉ. आज़म बैग की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक, जल्द घोषित होगी स्वागत समिति



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिसंबर 2025 में जयपुर अंतरराष्ट्रीय ए.एम.यू. एलुमनाई कॉन्फ्रेंस की मेज़बानी करेगा। इसकी तैयारी के लिए हाल ही में प्राइम एस्टेट, आर्कॉन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. आज़म बैग ने की। वे ए.एम.यू. ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन राजस्थान के अध्यक्ष और राजस्थान कांग्रेस के महासचिव हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर सैयद डे 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.एम.यू. की कुलपति प्रो. नईमा ख़ातून करेंगी। डॉ. शौकत अली ने बैठक का संचालन किया। डॉ. फ़ैयाज़ अहमद, प्रो. एम.एस. आज़मी, प्रो. सिराजुल हक़ ख़ान, डॉ. अता उर रहमान ख़ान, डॉ. फरहत चौधरी, डॉ. मकबूल अहमद और डॉ. आफताब नकवी सहित 50 से अधिक सदस्य बैठक में मौजूद रहे। कॉन्फ़्रेंस का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा, सामाजिक सुधार और महिला सशक्तिकरण पर संवाद को बढ़ावा देना है। साथ ही ए.एम.यू. एलुमनाई को एक मंच पर लाकर सहयोग को मजबूत करना है। स्वागत समिति की घोषणा जल्द की जाएगी।

# चाकसू में नशे के कारोबार के चलते एक व्यक्ति की मृत्यु

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** चाकसू के गोलीराव तालाब किनारे झाडियों में एक युवक का शव मिलने से आसपास के लोगों में सनसनी फ़ैल गई। मंगलवार को सवेरे प्रातः काल घूमने जाने वाले लोगों ने इस लाश को देखते ही थाने में सूचना दी। आसपास के लोगों में की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में ले कर मोर्चरी में रखवाया। समाचार लिखने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रैगर समाज के मोहल्ले से



खॉल के बालाजी जाने वाले रास्ते के दोनों तरफ सघन कांटेदार बबूलों का जाल फैला हुआ है। इन्हीं झाडियों के मध्य सवेरे घूमने जाने वाले लोगों ने शव देखा एवं तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे युवा पार्षद सनी नैनीवाल एवं आसपास के लोगों अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में खुले आम नशे का अवैध कारोबार चल रहा है।

# विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के पास स्थित पवाना अहीर गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार रामधन गुर्जर को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने औद्योगिक भूमि के रूपांतरण, अवैध रास्ते, और चारागाह भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ खसरा नंबर (226/2, 227, 225/1, और 238) को पहले ही औद्योगिक उपयोग के लिए बदल दिया गया है, जहां फिलहाल औद्योगिक इकाइयां चल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले ही इस अवैध रूपांतरण का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद संभागीय आयुक्त ने 28 जुलाई को मौके और दस्तावेजों की स्थिति को बनाए रखने का आदेश दिया था। ज्ञापन में बताया गया है कि इन औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचने के लिए कोई कानूनी रास्ता नहीं



है। इससे पहले भी, संबंधित लोगों ने मंदिर की जमीन से जबरन एक रास्ता बनाया था, जिसे 13 मई 2025 को प्रशासन ने हटा दिया था। लेकिन, ग्रामीणों के अनुसार, अब फिर से मंदिर की जमीन से अवैध रास्ता बनाया जा रहा है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने शुक्लावासा की चारागाह भूमि (खसरा नंबर 221) पर भी अवैध कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के नए परिपत्र (14 अगस्त 2025) के अनुसार, यदि किसी किसान को रास्ता चाहिए तो वह अपनी खातेदारी की उतनी ही जमीन चारागाह को देकर रास्ता ले सकता है। लेकिन, इस मामले में नियमों का उल्लंघन करके क्रेशर इकाइयों को चलाने के लिए चारागाह से रास्ता देने की कोशिश हो रही है।

# फोर्टी वुमन विंग एग्जीक्यूटिव कमेटी मीटिंग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सिली रैबिट कैफे में फोर्टी वुमन विंग एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग हुई । इसमें प्रेसिडेंट नीलम मित्तल, सेक्रेटरी सोनल रावत, वाइस प्रेसिडेंट डॉ अदिती खंडेलवाल, रीना अग्रवाल के साथ सभी ईसी मेंबर्स ने भाग लिया। इसमें मॉडल और एक्टर ॠषि मिगलानी ने एक विशेष सेशन को संबोधित किया। नीलम मित्तल ने बताया कि मीटिंग में एग्जीक्यूटिव कमेटी ने वुमन विंग की फ्यूचर प्लानिंग पर चर्चा की। सबसे पहले 16-17 सितम्बर को मेगा कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें कैंसर से बचाव के लिए महिला उद्यमियों को वैक्सीन लगाया जाएगा। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए वर्कशॉप, सेमिनार और समिट का आयोजन किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि विकसित राजस्थान में महिला उद्यमियों की भागीदार को बढ़ाया जाए।

# भामाशाहों के सहयोग से 340 गेंहू के कट्टो से भरे ट्रक को धर्म ध्वज दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )** । शहर के राधाबाग कॉलोनी में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान चौमू के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिकुंज हरिद्वार में चल रहे माता भगवती भोजनालय के लिए भामाशाहों के सहयोग से 340 गेंहू के कट्टो के भरे ट्रक को भामाशाहों द्वारा धर्म ध्वज दिखाकर रवाना किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञा गीत के साथ हुई। भामाशाहों सहित थानाधिकारी प्रदीप शर्मा का सपत्नी, डॉ. सुरेश कुमार जांगिड़, एड. सुनील उप्पल का अक्षत पुष्प से मंगलाचरण कर सभी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया । साथ ही गायत्री परिवार चौमू द्वारा सहयोग हेतु भामाशाओ का आभार व्यक्त किया । इस दौरान ट्रस्ट





सचिव राजकुमार शर्मा ने बताया कि माता भगवती भोजनालय में प्रतिवर्ष 5 हजार से अधिक साधकगण एवम उपासक भोजन को ग्रहण करते है। वहीं ट्रस्ट उपाध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सिंह बीजावत ने सभी भामाशाओं द्वारा एकत्र किए गेंहू का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें अलग अलग सभी कार्यकर्ताओं के विवरण बताया। कार्यक्रम के दौरान गजेंद्र सिंह बीजावत, सावरमल अग्रवाल, दिनेश कुमार खेमावाला, रामबाबू सैन, थानाराम जाट ,अमित अग्रवाल, सालिग्राम अग्रवाल, कुंजबिहारी गर्ग, रमाकांत मोदी, रामकृष्ण दुसाद, मदनलाल विजय , गुलाबचंद शर्मा, मालचंद बुनकर, मनोज सांखला, गोपाल यादव , सतीश अग्रवाल, शिवदयाल लालानी , गजेंद्र जिंदल, नरेश जिंदल, परिव्राजक दयाराम राजपाल ,रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहें।

# संत दुर्बल नाथ महाराज की 164वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )** । खटीक समाज सभा स्थल चौमूं में बुधवार को समिति की ओर से राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्री दुर्बल नाथ जी महाराज की 164वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। खटीक समाज में जन्मे महाराज श्री के जीवन परिचय पर अपने विचार रखते हुए समिति अध्यक्ष दिनेश बागोरिया ने बताया कि महाराज श्री अपने जीवन काल में सत्य अहिंसा, समता और समानता के साथ मानव मात्र की सेवा मार्ग चुना एवं संपूर्ण उत्तर भारत में भ्रमण कर समाज उत्थान का कार्य किया। समिति सचिव पूरणमल बाबा ने बताया कि चौमूं में खटीक समाज की ओर से राष्ट्रीय संत श्री दुर्बल नाथ महाराज की भव्य मूर्ति समाज सभा स्थल आगामी 4 अक्टूबर 2025 को विधि विधान के साथ स्थापना कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में शाही लावजमे के साथ विशाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है। 5 अक्टूबर 2025 को महाराज के आश्रम बांदीकुई धाम के महायोगी संत मंगलनाथ जी महाराज के द्वारा अनावरण का कार्यक्रम होगा।

# एम्स की तर्ज पर जयपुर में बनेगा सुपर स्पेशियलिटी राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इससे पहले विधेयक पर चर्चा के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) की स्थापना से राजस्थान उन्नत चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी बनेगा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईंसेज (आरयूएचएस) का उन्नयन कर 40 एकड़ क्षेत्र में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की स्थापना की जाएगी।

# नारेहड़ा के विवेकानंद स्कूल में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम नारेहड़ा में स्थित विवेकानंद उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सम्मान का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सरुण्ड के रानीवाला गांव से आए अध्यापक रणवीर सिंह थे। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को इस नारे का महत्व समझाया और बताया कि कैसे वे अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरा-भरा और प्रेरणादायक बना सकते हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और समर्पण का एक पवित्र स्थान है। उन्होंने सबको मिलकर एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रेरित किया, जहां किसी तरह का भेदभाव न हो और शिक्षा को चरित्र निर्माण, आत्म-विकास और समाज सेवा का एक जरिया माना जाए।रणवीर सिंह ने यह भी कहा कि, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का स्वाभिमान है और राष्ट्र निर्माण की नींव है। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और अभिभावक भी मौजूद थे।

केकू केकू केकू केकू केकू केकू

# जलझूलनी एकादशी पर जलाशयों में ठाकुरजी ने किया नौका विहार

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** चाकसू के पूर्वी छोर पर स्थित पवित्र जलाशय मनौहरा तालाब एवं पश्चिमी दिशा में स्थित गोली राव तालाब पर बुधवार को जलझूलनी एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विभिन्न मंदिरों से विमानों से आए ठाकुरजी ने जयजयकारों के मध्य नौका विहार किया। सवेरे गोली राव तालाब पर पश्चिमी क्षेत्र में स्थित देवालय भगवान बावनजी राधा दामोदरजी, विजय गोपालजी रामदेवजी महाराज ने अपने अपने विमानों द्वारा तालाब पहुंचे पंडित रामबाबू शर्मा, राधामोहन शर्मा



सहित अन्य पुजारियों ने भगवान की आरती उतारी। पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात अपनी अपनी नौकाओं के माध्यम जलाशय में विचार करते हुए किनारे पहुंचे। विभिन्न घाटों पर एकत्रित जनसमूह ने जयकारों के साथ विमानो का स्वागत कर फल फ्रूट चढ़ाकर परिवार के लिए सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। सायंकाल पूर्व दिशा में स्थित देवालयों से ठाकुरजी के विमान जयकारों के साथ मनौहरा तालाब किनारे जल विहार के लिए पहुंचे। खंडेलवाल समाज के मंदिर जगनमोहन भगवान, सालिगरामजी चतुर्भुज भगवान, त्रिलोकी नाथ जी, सीतारामजी के मंदिरों से भक्तों के साथ तालाब किनारे पहुंचे एवं व्यवस्था के अनुसार नौका विहार करते हुए पुनः निज मंदिर पहुंचे। मार्ग में महिलाओं ने जगह-जगह आरती उतारी फल फ्रूट अर्पित किए। इसके बाद महिलाओं पुरुषों ने एकादशी का व्रत खोला।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाई गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के निर्देश पर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाई। यह जानकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने दी। उन्होंने बताया कि इन दिनों मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, बुधवार को कस्बे के गोविंद विहार, गढ़ कॉलोनी और मोहल्ला बुचाहेड़ा जैसे इलाकों में फॉगिंग की गई।



डॉ. गुर्जर ने बताया कि विभाग ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और वायरल फीवर जैसी मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए एक कार्य योजना बनाई है। इसके तहत, चिकित्सा टीमें लगातार एंटी-लार्वा (मच्छरों के लार्वा को खत्म करने वाली) गतिविधियां भी चला रही हैं।

बीसीएमओ ने दी मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी

बीसीएमओ ने आम जनता को मौसमी बीमारियों के लक्षण और उनसे बचाव के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों में सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, मौसमी एलर्जी, अस्थमा, डायरिया और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं।

**राजस्थान युवा बोर्ड**
(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)
सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर टेलीफैक्स 0141-2741489

क्रमांक :- F. 01(18) RYB/2025-26-00023-8010583 जयपुर, दिनांक :- 31/08/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

बजट घोषणा वर्ष 2024–25 के बिन्दु संख्या 51 के अन्तर्गत राज्य के चयनित 20 युवक एवं युवतियों को Exposure Visits के अवसर उपलब्ध करवाये जाने के लिए राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर की ओर से ''अन्तर्राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम – जापान'' (International Exposure Visit Programme) हेतु दक्ष, प्रतिष्ठित व अनुभवी फर्मों/संस्था/कंम्पनी से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ई–निविदा सूचना संख्या 04/2025–26, दिनांक 11.09.2025 को शाम 5.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित पूर्ण विवरण राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट **www.youthboard.rajasthan.gov.in** लोक उपापन पार्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं eprocurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/9247 सदस्य सचिव

## सम्पादकीय

# नरम पडऩे लगा अमरीका!

राष्ट्रपति ट्रम्प और अमरीकी अधिकारी टैरिफ के मुद्दे पर कुछ नरम पडऩे लगे हैं अथवा स्पष्टीकरण दे रहे हैं! ट्रंप की पोस्ट में व्यथा भी है और संबंध सुधारने की ललक, इच्छा भी है। अमरीकी राष्ट्रपति का कहना है कि भारत के साथ लंबे समय से एकतरफा संबंध रहे हैं। भारत अमरीका पर ज्यादा टैरिफ लगाता रहा है। भारत हमें अधिक सामान बेचता है। अमरीकी कंपनियों को दिक्कत रही है, लिहाजा भारत को बहुत पहले टैरिफ कम करना चाहिए था। भारत अधिकतर हथियार और तेल रूस से ही खरीदता है, अमरीका से नहीं, उसे यह समीकरण भी ठीक करना चाहिए था। भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, वह आधिकारिक बातचीत के बाद घटाया भी जा सकता है। अमरीका और भारत आज भी 'रणनीतिक दोस्त' हैं।' भारत में नियुक्त अमरीकी राजदूत का कहना है कि भारत-अमरीका का रिश्ता 21वीं सदी के लिए सबसे अहम बन चुका है। यह साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं को सामने ला रहे हैं, जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का मानना है कि दोनों देशों की जनता के बीच यह 'स्थायी दोस्ती' ही हमारे सहयोग की नींव है, लेकिन ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की भारत के प्रति सोच नकारात्मक है, लिहाजा वह एक जातिवादी नेरेटिव के जरिए भारत को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान टिप्पणी की कि भारत क्रेमलिन (रूस) का 'लॉन्ड्री हाउस' बन गया है। भारत में ब्राह्मण वर्ग, देश की आम जनता की कीमत पर, मुनाफा कमा रहा है। यह बंद होना चाहिए।' सवाल है कि भारत में कौन-सी ब्राह्मण लॉबी है, जो सत्ता में निर्णायक है और पैसा बना रही है? राष्ट्रपति ट्रंप के सलाहकार के बयान से साफ है कि अमरीका के सत्तासीन और बौद्धिक वर्ग में भारत के प्रति नकारात्मक पूर्वाग्रह अब भी हावी हैं। फिर दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी के मायने क्या हैं? ऐसे ही तत्त्वों ने रूस से तेल न खरीदने की धमकी दी और आश्वासन दिया कि टैरिफ कम कर दिया जाएगा। भारत ने पलट कर जो निर्णय किया है, वह अमरीका को उसकी औकात बताने को पर्याप्त है। भारत ने रूसी तेल की खरीद को 30 फीसदी बढ़ा कर 20 लाख बैरल रोजाना कर दिया है। इसके अलावा, भारत अपने निर्यात-बाजार में विविधता और व्यापकता लाने के मद्देनजर 50 से अधिक देशों से बातचीत शुरू कर रहा है। करीब 25 फीसदी भारतीय माल निर्यात के लिए अमरीका पर निर्भर रहने के दिन अब खत्म हो चुके हैं। एक व्यापक वैश्विक बॉस्केट जोखिम को घटाएगा और भारत की किसी एक देश पर निर्भरता को कम करेगा। एससीओ का 'साझा घोषणा पत्र' अमरीकी राष्ट्रपति ने पढ़ लिया होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान समेत एससीओ से जो समझौते किए हैं, वे अमरीका पर अंतरराष्ट्रीय दबाव समूह साबित हो सकते हैं। ट्रंप के टैरिफवाद ने गैर-पश्चिमी देशों को चीन के एक शहर में लामबंद होने को बाध्य किया है। जापान से दोगुना निवेश (60,000 करोड़ रुपए), सेमीकंडक्टर निर्माण और सामरिक साझेदारी का करार प्रधानमंत्री मोदी का अमरीकी राष्ट्रपति को एक करारा जवाब है, जिन्होंने भारत को 'डेड इकोनॉमी' घोषित किया था। उसी देश के साथ आज चीन जैसी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश ने दोस्ती के हाथ बढ़ाए हैं। रूस तो भारत का दशकों पुराना मित्र है। यही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने भारत के साथ व्यापार और निवेश की इच्छा जाहिर की है। ऑस्ट्रेलिया महत्वपूर्ण और दुर्लभ खनिजों का भाग्यशाली देश है। रेयर अर्थ मिनरल्स का ऑस्ट्रेलिया में भी खूब भंडार है और भारत को इनकी जरूरत है।

# क्या 'राजस्थान कोचिंग विधेयक 2025' है छात्रों का असली सुरक्षा कवच?



डॉ. नयन प्रकाश गांधी

राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत राजस्थान कोचिंग केंद्र (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 अपने संशोधित स्वरूप में, एक अत्यंत आवश्यक और साहसिक कदम है जो दशकों से अनियंत्रित चल रहे कोचिंग उद्योग को एक औपचारिक और जवाबदेह ढांचे में लाने का प्रयास करता है। इसे कागजी शेर या कमजोर समझौता कहना उन महत्वपूर्ण सुधारों की अनदेखी करना है जो यह कानून छात्रों, अभिभावकों और स्वयं उद्योग के लिए लेकर आया है। यह एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है जो विनियमन और व्यावहारिकता के बीच एक नाजुक संतुलन स्थापित करता है।

एकमुश्त फीस से मुक्ति, तनाव मुक्त माहौल, और संस्थानों की पूरी जवाबदेही। इस नए कानून ने अभिभावकों की सबसे बड़ी चिंताओं को दूर कर दिया है ।

अंतरराष्ट्रीय लाइफ एन.एल.पी करियर कोच डॉ नयन प्रकाश गांधी के अनुसार राजस्थान कोचिंग केंद्र (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 एक संतुलित और व्यावहारिक कानून है, जो कोचिंग उद्योग को जवाबदेह बनाने के साथ-साथ अभिभावकों और छात्रों की भूमिका को भी महत्व देता है। यह एक प्रगतिशील ढांचा है जो व्यवस्था में सुधार की नींव रखता है।

राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत राजस्थान कोचिंग केंद्र (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 अपने संशोधित स्वरूप में, एक अत्यंत आवश्यक और साहसिक कदम है जो दशकों से अनियंत्रित चल रहे कोचिंग उद्योग को एक औपचारिक और जवाबदेह ढांचे में लाने का प्रयास करता है। इसे कागजी शेर या कमजोर समझौता कहना उन महत्वपूर्ण सुधारों की अनदेखी करना है जो यह कानून छात्रों, अभिभावकों और स्वयं उद्योग के लिए लेकर आया है। यह एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है जो विनियमन और व्यावहारिकता के बीच एक नाजुक संतुलन स्थापित करता है। यह सच है कि कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में छात्रों पर अत्यधिक दबाव और उससे उपजी त्रासदियां एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय हैं। लेकिन इस समस्या का समाधान केवल कोचिंग संस्थानों को खलनायक बनाकर नहीं किया जा सकता। यह एक जटिल सामाजिक-पारिस्थितिक तंत्र है जिसमें छात्र, अभिभावक, स्कूल प्रणाली और समाज की अपेक्षाएं सभी अपनी भूमिका निभाते हैं। राजस्थान सरकार ने इस विधेयक के माध्यम से एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास किया है, जो दंडात्मक होने के बजाय सुधारात्मक है।



### एक ईमानदार प्रयास

विधेयक के सकारात्मक और व्यावहारिक पहलू आलोचकों ने जुर्माने की राशि कम करने और विनियमन के दायरे को 100 छात्रों तक सीमित करने पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन वे उन व्यापक और दूरगामी प्रावधानों को नजरअंदाज कर रहे हैं जो इस उद्योग की कार्यप्रणाली को मौलिक रूप से बदल देंगे।

### 1. निजी क्षेत्र का सम्मान और व्यावहारिकता:

कोचिंग संस्थान निजी संस्थाएं हैं जो एक सेवा प्रदान करती हैं। वे एक कोच की तरह काम करते हैं जो छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करते हैं। अधिकांश संस्थान ईमानदारी से काम करते हैं और अपने छात्रों की सफलता के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने इस विधेयक में इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा देने के बजाय एक सहयोगी नियामक ढांचा बनाने का प्रयास किया है। 100 छात्रों की सीमा छोटे संस्थानों को अनावश्यक नौकरशाही से बचाती है, जबकि बड़े, संगठित खिलाडियों को जवाबदेही के दायरे में लाती है। इसी तरह, जुर्माने को व्यावहारिक स्तर पर लाना यह सुनिश्चित करता है कि कानून का उद्देश्य उद्योग को नष्ट करना नहीं, बल्कि उसे अनुशासित करना है।

### 2. अभिभावकों की भूमिका और जिम्मेदारी:

छात्रों के कल्याण की प्राथमिक जिम्मेदारी हमेशा उनके माता-पिता की होती है। कोचिंग संस्थान केवल कुछ घंटों के लिए अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, लेकिन छात्र का भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य काफी हद तक पारिवारिक समर्थन और माहौल पर निर्भर करता है। यह विधेयक परोक्ष रूप से इस बात को स्वीकार करता है कि माता-पिता को भी अपने बच्चों पर अवास्तविक अपेक्षाओं का बोझ डालने से बचना चाहिए। कोचिंग संस्थानों में परामर्श प्रणाली की स्थापना का उद्देश्य केवल छात्रों की मदद करना नहीं, बल्कि अभिभावकों को भी जागरूक करना है ताकि वे अपने बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

### 3. वित्तीय पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण:

यह विधेयक का सबसे मजबूत और निर्विवाद रूप से छात्र-हितैषी पहलू है।

प्रो-राटा रिफंडः कोर्स बीच में छोडऩे पर आनुपातिक आधार पर फीस वापसी का प्रावधान एक क्रांतिकारी कदम है। यह छात्रों और अभिभावकों को एक एग्जिट ऑप्शन देता है और संस्थानों को अपनी सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मजबूर करता है।

किस्तों में भुगतान- एकमुश्त फीस की बाध्यता को समाप्त करना मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक बहुत बड़ी राहत है। यह वित्तीय बोझ को कम करता है और शिक्षा को अधिक सुलभ बनाता है।

निशुल्क अध्ययन सामग्री- संस्थानों को नोट्स और स्टडी मटेरियल निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों से छिपी हुई लागतों के नाम पर अतिरिक्त पैसे न वसूले जाएं

### 4. मानसिक स्वास्थ्य को केंद्र में रखना:

यह पहली बार है कि कोई राज्य सरकार इस स्तर पर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को संबोधित कर रही है। अनिवार्य परामर्श प्रणाली, मनोवैज्ञानिकों की उपलब्धता, और तनाव प्रबंधन पर नियमित कार्यशालाएं यह दर्शाती हैं कि सरकार छात्रों को केवल एक रैंक-उत्पादक मशीन के रूप में नहीं देखती है। यह एक संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण है जिसकी सराहना की जानी चाहिए।

## आज का इतिहास

- 4 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1665 - मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जयसिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- 1781 - स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गयी।
- 1888 - गांधीजी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की।
- 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
- 1946 - भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।
- 1967 - 6.5 तीव्रता वाले भूकंप की चपेट में आया महाराष्ट्र का कोयना बांध, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
- 1969 - उत्तरी वियतनाम के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह का देहावसान।
- 1985 - 73 सालों के बाद समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आई थीं। टाइटेनिक दुर्घटना में इस जहाज पर सवार 1,500 लोग मारे गए थे।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने आयरलैंड के डबलिन में स्वीकार किया कि मोनिका लेविंस्की के साथ सम्बन्ध क़ायम करना बड़ी ग़लती थी।
- डरबन में 12वें गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- 1998 - लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पी.एच.डी करने के दौरान इसे विकसित किया था।
- 1999 - ईस्ट तिमोर में सम्पन्न हुए जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।
- 2000 - श्रीलंका के उत्तरी जाफना के बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीते के बीच हुए संघर्ष में 316 लोग मारे गये।

# लगातार बारिश, बढ़ते खतरे और हमारी जिम्मेदारी



डॉ. प्रियंका सौरभ

लगातार बारिश ने जनजीवन को चुनौती दी है। बिजली की लाइनें, खंभे और खुले तार मौत का जाल बन सकते हैं, वहीं पानी से भरी सडक़ें और नालियां दुर्घटनाओं को न्योता देती हैं। ऐसे में नागरिकों की छोटी-सी लापरवाही बड़ी त्रासदी में बदल सकती है।

बरसात का मौसम प्रकृति की सबसे सुंदर देन है। यह धरती की प्यास बुझाता है, फसलों को जीवन देता है, नदियों और तालाबों को भरता है और वातावरण को शुद्ध करता है। लेकिन जब यह बारिश लगातार और असामान्य रूप से होती है, तो यही वरदान कभी-कभी अभिशाप का रूप भी ले लेता है। भारत जैसे देश में, जहां अब भी बुनियादी ढांचे की मजबूती पूरी तरह से नहीं हो पाई है, वहां लगातार बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि असामान्य बारिश के कारण कई राज्यों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हुई, सैकड़ों लोग बेघर हो गए, बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

ऐसे समय में केवल सरकार या प्रशासन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि हर नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह स्वयं भी सावधानी बरते और दूसरों को जागरूक करे। यह सच है कि प्राकृतिक आपदाएँ पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन सावधानी और अनुशासन से हम उनके प्रभाव को कम कर सकते हैं।

बरसात के दिनों में सबसे बड़ा खतरा बिजली से होता है। जब जमीन गीली हो, सडक़ें पानी से भरी हों और चारों ओर नमी फैली हो, तो करंट लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बिजली विभाग ने समय रहते जनता को चेताया है कि इस मौसम में बिजली की तारों, खंभों, केबल और मीटर से दूरी बनाए रखें। ज़रा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। भारत में हर साल बारिश के मौसम में सैकड़ों लोग बिजली के करंट की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉड्र्स ब्यूरो (ह्रष्टक्रक्च) की रिपोर्ट के अनुसार, केवल बिजली से जुड़े हादसों में हर साल करीब 10-12 हज़ार लोगों की मौत होती है, जिनमें बड़ी संख्या बारिश के महीनों में होती है। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि खतरा कितना गंभीर है। गांव और कस्बों में अब भी खुले तार, ढीले खंभे और जर्जर पोल आम दृश्य हैं। लगातार बारिश में जब ये पानी में डूब जाते हैं, तो इनमें करंट फैलने की संभावना बढ़ जाती है। यह खतरा और भी बढ़ जाता है जब लोग असावधानीवश इनसे संपर्क में आ जाते हैं। कई बार बच्चे खेल-खेल में पानी के गड्ढों में उतर जाते हैं, जबकि उन्हें



यह पता नहीं होता कि उसी पानी में कोई बिजली का तार गिरा हुआ है। ऐसी घटनाएं हर साल होती हैं और यह हमारे समाज की सबसे बड़ी असावधानी को दर्शाती हैं।

बरसात के दिनों में घर से बाहर निकलना भी जोखिम से खाली नहीं है। बिना वजह घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। आवश्यक काम भी हो तो सावधानी के साथ जाना चाहिए। फिसलन भरी सडक़ें, गहरे गड्ढे और नालियां पानी में छिप जाती हैं और दुर्घटनाएं आम हो जाती हैं। कई बार तो लोग केवल जिज्ञासा या मनोरंजन के लिए पानी से भरी जगहों पर चले जाते हैं, वहां फोटो खिंचवाते हैं, वीडियो बनाते हैं और सोशल मीडिया पर डालते हैं। लेकिन यही जिज्ञासा उन्हें खतरे में डाल देती है। अनजाने में वे गहरे गड्ढे, नालों या करंट लगे पानी की चपेट में आ सकते हैं। हमें यह समझना होगा कि रोमांच या दिखावे से बड़ी चीज़ हमारी जान है। सच यही है कि जिंदगी है तो सब कुछ है।

लगातार बारिश केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती लेकर आती है। बिजली विभाग को चौबीसों घंटे सतर्क रहना पड़ता है ताकि लोगों तक बिजली की आपूर्ति बनी रहे और हादसों से बचा जा सके। नगर निगम और पंचायतों को जलभराव की समस्या से निपटना होता है। स्वास्थ्य विभाग को डेंगू, मलेरिया और पानी से फैलने वाली बीमारियों से लडऩा पड़ता है। बारिश के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या अचानक कई गुना हो जाती है। यातायात विभाग को भी सडक़ दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है। प्रशासन का यह प्रयास तभी सफल हो सकता है जब नागरिक भी जिम्मेदारी समझें और सहयोग करें।

बरसात जैसी प्राकृतिक चुनौती का सामना केवल प्रशासनिक उपायों से नहीं किया जा सकता। समाज को भी जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। मोहल्ले और गांव के लोग मिलकर नालियां साफ रखें ताकि जलभराव न हो। बिजली के खंभों और तारों की जानकारी विभाग तक पहुँचाएं। बच्चों को सिखाएं कि बारिश में खुले तार या पोल के पास न जाएं। सोशल मीडिया पर केवल सही जानकारी फैलाएं, अफवाहें नहीं। कई बार झूठी खबरें और अफवाहें स्थिति को और गंभीर बना देती हैं।

बरसात हमें केवल संकट ही नहीं देती, बल्कि यह हमें कई सबक भी सिखाती है। यह हमें बताती है कि हमें अपने बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना चाहिए। यह याद दिलाती है कि बिजली और पानी जैसे प्राकृतिक तत्वों से खिलवाड़ करना जानलेवा हो सकता है। यह हमें सिखाती है कि अनुशासन और सावधानी ही जीवन की रक्षा करते हैं। अगर लोग थोड़ी सी सावधानी बरतें तो बड़ी से बड़ी आपदा का असर भी कम किया जा सकता है।

हमारे देश में कई बार देखा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो लोग मिलकर उसका सामना करते हैं। बाढ़ पीडि़तों की मदद के लिए स्वयंसेवी संगठन आगे आते हैं, लोग एक-दूसरे को आश्रय और भोजन देते हैं। यही सामूहिकता और सहयोग भारतीय समाज की सबसे बड़ी ताकत है। बरसात जैसी स्थिति में भी यही सहयोग और जागरूकता जरूरी है।

## शख्सियत

**श्रीमती मंजू चौधरी**
(प्रमुख समाजसेविका)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं, प्रमुख समाजसेविका मंजू चौधरी जी।

सेवा और प्रभु के लिए पूर्णतया समर्पण भाव का दूसरा नाम मंजू चौधरी अग्रवाल बन गया है। आप अलवर में सेवा के नाम पर पहचान बन गई हैं।

मंजू चौधरी अग्रवाल के पति डा. गोपाल रॉय चौधरी अग्रवाल थे जो बहुत सेवा भावी व्यक्ति थे। आप चिकित्सा को कमाई का साधन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम मानते रहे। आपकी सेवा भावना में अपनी अलग ही साख थी।

मंजू चौधरी का जन्म दार्जिलिंग के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ जबकि लालन-पालन सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में हुआ व इनका विवाह आसाम में हुआ। इनके पिता ओम प्रकाश अग्रवाल तथा मां का नाम सावित्री अग्रवाल है।

इनकी बेटी सुषमा हैं जो सिलीगुड़ी पश्चिमी बंगाल में वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रही हैं। इनके पुत्र अनुपम चौधरी हैं जो बहुत ही सेवा भावी हैं। सुषमा और अनुपम का बचपन अलवर में ही बीता। वे अपनी ताई जी के सानिध्य में रहकर पले बड़े। इनकी पुत्रवधू दीपाली दिल्ली की हैं जो बहुत ही नेक दिल हैं। इनकी दो पोती आयुकता और छोटी पोती अदविका है।

मंजू चौधरी का जन्म तीन जनवरी 1961 को हुआ। इनका विवाह 5 मार्च 1978 को हुआ। पुत्र अनुपम चिकित्सा पेशे की बजाए खाद्य तेल मानस ब्रांड को संभाल रहे हैं जिसका नाम शुद्धता से जाना जाता है।

मंजू चौधरी के पूरे परिवार के सेवा भावी संस्कारों का प्रभाव इन पर पड़ा। संयुकत परिवार में रहते हुए घर में जब भी बुजुर्ग उठते तो इससे पहले ये पूजा पाठ करके तैयार मिलती। अपने ससुर व सास की जीवन भर देखभाल करने वाली मंजू चौधरी इसको अपना सौभाग्य मानती हैं। पति की मौत के बाद ये अलवर आ गई। यहां आकर इन्होंने सेवा का मार्ग अपनााया। नेक कमाई फाउंडेशन की ये संरक्षक बनी और इनके नेतृत्व में सेवा भावी कार्यों की झड़ी लग गई। कन्यादान कार्यक्रम हो या नारी सशकितकरण के कार्यक्रमों की बात हो। इन सभी में आप अपनी सक्रिय भूमिका में रही हैं। आप आर्ट आफ लिविंग से जुड़ी और बच्चों को नैतिकता और अध्यात्म का प्रशिक्षण देने लगी। आपके नेतृत्व में बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई। इनका गरीब व जरूरतमंद बच्चों के प्रति स्नेह और अपनत्व को देखकर लोगों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। ये मानस ब्रांड ग्रुप परिवार से हैं जिनमें विनम्रता भरी हुई है। इन्होंने अपना जीवन प्रभु को समर्पित कर दिया है। इनके पुत्र अनुपम भी मां को ही भगवान का रूप मानते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे सुजस व्यक्तित्व को सलाम करती है व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



# आगामी पर्व शांति व सौहार्द से मनाएं : जिला कलक्टर

### गंगापुर सिटी में आयोजित शांति समिति बैठक में प्रशासन ने दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में आगामी दिनों में होने वाले बारावफात (5 सितम्बर), अनन्त चतुर्दशी (6 सितम्बर), नवरात्रा स्थापना (22 सितम्बर) और दुर्गाष्टमी (30 सितम्बर) जैसे प्रमुख पर्वों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बुधवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट काना राम की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल की उपस्थिति में पंचायत समिति परिसर गंगापुर सिटी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के सभी पर्व व त्यौहार भाईचारे, समरसता और सहयोग की मिसाल बनें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों एवं मूर्तिस्थलों पर सीसीटीवी कैमरों लगाकर निगरानी की जाएगी।

बैठक में जिला कलक्टर ने सभी जिले वासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए सभी त्योहार आपसी भाईचारे व प्रेम पूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने श्री गणेश विसर्जन शोभा यात्रा मार्ग में जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करवाने, यातायात व्यवस्था सुगम बनाने, मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटवाने, क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत करवाने, ढीले तारो को कसवाने आदि सुझावों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक



दिशा निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने यात्रा मार्ग पर क्षतिग्रस्त भवनों से आमजन को दूर रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को चौराहों की साफ-सफाई, अतिक्रमण हटाने, रोड़ लाइटें दुरुस्त करने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वहीं, उपखण्ड अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति नियमित करने और सीवरेज लाइनों की सफाई कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्री गणेश विसर्जन शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग से ही निकाली जाए। यात्रा के भव्य आयोजन हेतु सभी तैयारियों में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या अवांछित गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गलत संदेशों को फॉरवर्ड न करें और युवाओं को अनुचित गतिविधियों से दूर रखें।

**श्री गणेश विसर्जन शोभायात्रा मार्ग का किया निरीक्षण:** जिला कलेक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने सभी प्रशासनिक अधिकारीयों एवं पुलिस बल के साथ श्री गणेश विसर्जन शोभायात्रा मार्ग पुरानी अनाज मण्डी से व्यापार मण्डल चौराहा होते हुए देवी स्टोर चौराहा से सुभाष बाजार, छोटी चौपड़, बालाजी चौक होते हुए कैलाश टाकीज से ट्रक यूनियन चौराहा, घास मंडी चौराहा, बद्रीनाथ मंदिर, पुरानी नगर पालिका, कोतवाली पुलिस थाना से होते हुए सिलोदा मोड तक निरिक्षण कर सुरक्षा इंतजामात जांचें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सवाईमाधोपुर रामकुमार कस्वा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी राकेश कुमार राजौरा, उपखण्ड अधिकारी बृजेन्द्र मीणा, सभापति शिवरतन अग्रवाल, विभिन्न संगठन प्रतिनिधि एवं शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## जलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी निकले नगर भ्रमण को



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर सभी मन्दिरो के ठाकुर जी सजे विमानो में विराज कर नगर भ्रमण कर आम जन को दर्शन दिए।

बुधवार को मालपुरा शहर में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर खवास जी का कटला स्थित श्री सीताराम जी महाराज के मन्दिर से मन्दिरो के ठाकुर जी की डोल यात्रा का जुलुस बेण्डबाजो व आम जन की रामधुनी के साथ रवाना हुआ। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य मार्गो व बाजारो आजाद चौक, माणक चौक, अस्पताल रोड, गांधी पार्क, नवीन मण्डी, सुभाष सर्किल, महावीर मार्ग से होकर टोडा रोड होते हुए ट्रक स्टेण्ड से मैला मेदान पहुंचा। मैला मैदान में डोल में विराजे ठाकुर जी की सामूहिक आरती के बाद जल विहार करवाया गया। जुलुस में भारी संख्या में शहरवासी उमड़े। डोल यात्रा के जुलुस का बीच रास्ते में अनेक स्थानो पर तोरण द्वार से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलुस में शामिल धर्मप्रेमी लोगो के लिए स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाओ

## 9 साल की कृति ने चौथी बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** आज कल जहां आधुनिक व सोशल मीडिया के इस दौर में युवा पीढ़ी अपनी सनातनी संस्कृति को छोडक़र पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है ।वही भासू गांव निवासी भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के आचार्य डॉ. जयराज वैष्णव व मां कृति वैष्णव की इकलौती पुत्री कृषा वैष्णव ने महज 9 साल की उम्र में सनातन संस्कृति से जुडक़र चौथी बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है।

आमतौर पर कहा जाता है कि सफलता, नाम और प्रसिद्धि किसी उम्र के मोहताज नहीं होते इस बात को अपनी कड़ी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास से दो इंटरनेशनल,एक एशिया व चार बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स



में अपना नाम दर्ज करवा करके कृषा वैष्णव ने सही साबित किया है। कक्षा 4 की छात्रा कृषा ने गोपी गीत के 19 श्लोकों का महज एक मिनट 47 सेकंड में सबसे तेज पाठ करके चौथा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अपने नाम किया है। परिवार की लाडली की सफलता पर परिवार के साथ गांव वाले भी गर्व कर रहे है ।वही कृषा के दादा रामनिवास वैष्णव को पोती की सफलता के लिए बधाईयां मिल रही है।

## मालपुरा नपा दो वार्डो के उपचुनाव में कमल खिलेगा-प्रभु बाडोलिया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया एवं विष्णु शर्मा ने नगर पालिका मालपुरा उपचुनाव के दौरान वार्ड नंबर 34 से भाजपा प्रत्याशी पूजा लोधी एवं वार्ड नंबर 31 से भाजपा प्रत्याशी राजेश मेघवंशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की । भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश उत्साह का माहौल है ।आमजन में भाजपा प्रत्याशियों के प्रति विश्वास है ।भाजपा के दोनों प्रत्याशी प्रचण्ड मतों से विजय होंगे ।दोनों वार्ड में सुशासन एवं विकास का कमल खिलेगा। भाजपा के नगर पालिका बोर्ड ने शहर में अनेक विकास कार्यों किए है। भाजपा जिला महामंत्री विष्णु शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में पूरे जोश और उत्साह के साथ घर घर से वोटर को निकाल करके भाजपा के पक्ष में मतदान करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में विकास की राह पर मालपुरा शहर अग्रसर है। कार्यकर्ताओं के जोश उत्साह एवं आमजन के स्नेह और विश्वास

### आदि कर्मयोगी अभियान

# जनजातीय अंचलों में योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की पहल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला प्रमुख सुदामा मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

सीईओ गौरव बुड़ानिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन व अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है। अभियान के तहत देशभर में एसटी बाहुल्य एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है। इसी क्रम में सवाई माधोपुर जिले के 7 ब्लॉकों के 188 गांवों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े 17 विभागों की 25 प्रमुख गतिविधियों के अभिसरण से 188 चयनित गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, एएनएम, कृषि पर्यवेक्षक, पशुधन सहायक, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, जलदाय एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी आदि को आदि कर्मयोगी के रूप में जिम्मेदारी दी गई । वहीं ग्राम के सक्रिय युवाओं, शिक्षकों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आदि सहयोगी व आदि साथी के रूप में चयनित किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत राज, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी सप्ताह में एक दिन उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही स्थानीय परंपराओं, पूजा स्थलों, तालाबों, चारागाहों और ग्राम संसाधनों का संरक्षण व विकास भी सुनिश्चित किया जाएगा।

अभियान की अवधि 2030 तक निर्धारित है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, जल प्रबंधन व सुशासन से जुड़ी व्यवस्थागत चुनौतियों को दूर कर जनजातीय क्षेत्रों का सतत विकास किया जाएगा। जिले में इसके लिए 6 अधिकारियो को मास्टर ट्रेनर नामित किया गया है, जो आगे ब्लॉक स्तरीय टीमों को प्रशिक्षित करेंगे।ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी आदि को विलेज विजन प्लान बनाने हेतु प्रशिक्षित करेंगे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, सेवा और समर्पण से प्रेरित एक सामाजिक आंदोलन है। इसके माध्यम से जनजातीय अंचलों में योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना और आत्मनिर्भर ग्रामीण नेतृत्व तैयार करना संभव होगा।

कार्यशाला में संयुक्त निदेशक डीओआईटी पंकज मीना, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बी.एस. मीना, अभियान के नोडल अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## शहर चलो अभियान पूर्व तैयारी शिविर आज से



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान, 2025 का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आमजन से जुड़े विभिन्न कार्य संपादित किए जाएंगे।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर/क्रॉस सही करना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेजवर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ सफाई, सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई एवं मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन एवं मरम्मत, कार्यालय में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, (स्टेट ग्रान्ट, 69 ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उपविभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु विवाह पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व.निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन कार्य किए जाएंगे।

आयुक्त नगर परिषद नरसी मीना ने बताया कि उक्त शिविरों के लिए समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए 4 सितंबर से वार्डवार अभियान पूर्व तैयारी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविरां को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत गीता देवी विद्यालय आदर्श नगर में 4 सितंबर को वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 55, 56, 59, 60 के, मानटाउन स्कूल कलेक्ट्रेट के पीछे 8 सितंबर को वार्ड नंबर 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 17, 57, 58 के शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश से दतवास बना टापू, घरों में भरा पानी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** उपखंड मुख्यालय सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को झमाझम बारिश हुई। बारिश का दौर पिछले तीन दिन से लगातार चल रहा है। बुधवार को उपखंड के दतवास में सुबह तीन बजे से शाम तक लगातार तेज मूसलाधार बरसात हुई जिससे गांव टापू बन गया। लगातार अधिक बारिश होने से आसपास के छोटे बड़े एनिकट टूट गए। जिससे दतवास के बाजार व घरों में पानी भर गया। अधिक पानी आने से दुकानों में पानी भर गया जिससे दुकानों में रखा हुआ समान खराब हो गया। मूसलाधार बारिश से जयपुर-माधोपुर- निवाई जाने वाला रास्ता अवरूद्ध हो गया।

## डोल ग्यारस का मेला सम्पन्न, काला बाबा डोले के हैरत अग्रेज करतब बने आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिले भर में बुधवार जलझूलनी एकादशी को डोला ग्यारस का पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। टोंक जिला मुख्यालय पर शहर के विभिन्न मंदिरों से 38 डोल यात्राऐ निकाली गई। डोल यात्राऐ चतुर्भज तालाब पहुंची, जहां ठाकुर जी को जल विहारकराया गया। जिस दौरान लोगों की भीड़ दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी। डोल यात्रा को लेकर शहर में पुलिस का माकूल बन्दोबश्त किया गया।

बुधवार को जलझूलनी एकादशी के पर्व पर विभिन्न मन्दिरों के डोले गाजे-बाजे के साथ निकले एवं



चतुर्भज तालाब पहुंचे जहां ठाकुर जी को स्नान कराया। डोल यात्रा में श्रृद्धालु महिला-पुरूष, युवक-युवतियां, मन्दिरों के डोलों के इर्द-गिर्द भजन-कीर्तन करने के साथ-साथ डोलों की परिक्रमा करते, फल चढ़ाते एवं शंख व घंटिया बजाते चल रहे थे ।शाम 5 बजे से ही शहर के मन्दिरों एवं विभिन्न समुदायों के मन्दिरों के डोले विशेष पूजा-अर्चना के साथ निकलने लगे तो जिनके दर्शनार्थ श्रृद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी । हर डोले के साथ सैकड़ों की संख्या में समाज के विशेष के लोग भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। डोल यात्रा के दौरान काला बाबा का डोला 'कोतवाल डोले' के नाम से चर्चित आकर्षक का केंद्र रहा ।इस डोले की झलक पाने था इसके नीचे से निकलने की होड मची हुई थी। इतना ही नहीं यह कोतवाल काला बाबा का डोला सबसे बाद में काला बाबा से रवाना हुआ था सबसे पहले चतुर्भुज तालाब पहुंचा ।घंटाघर से चतुर्भज तालाब तक हजारों की तादाद में श्रृद्धालु उमड़ पड़े। इस मौके पर पंचकुईयां क्षेत्र में मेले का आयोजन हुआ, जिसमें जिला मुख्यालय सहित आस-पास के हजारों ग्रामीण महिला-पुरूषों ने भाग लिया।

### सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की टीम रही चौकन्नी

# जलझूलनी एकादशी पर निकाली डोल यात्रा,सजी-धजी नौकाओं में हुआ भगवान का जल विहार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की डोल यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ कमाया।

डोल एकादशी महापर्व को लेकर दोपहर 4 बजे भगवान चारभुजानाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, सुनारों का मंदिर, दर्जियों का मंदिर, भगवान सत्यनारायण मंदिर, भट्ट जी का मंदिर, श्री राम लक्ष्मण मंदिर व लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित शहर के कई मंदिरों से बैंड बाजे के



साथ भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा के साथ रवाना हुए। डोल यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान की विमानों के नीचे से निकलकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और फल व मुद्रा चढ़ाई। शोभायात्रा का जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं आरती करके स्वागत किया गया। डोल यात्रा में महिलाएं भजन गाती हुई चल रही थी। वहीं युवा डीजे के भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। ठाकुरजी के सभी विमानों को लेकर श्रद्धालु मेला स्थल भरकुंआ तालाब पहुंचे जहां भगवान के विमानों को विराजित किया गया। सूर्यास्त के पश्चात भगवान की सामूहिक महाआरती उतारकर विद्वान पंडितों के सानिध्य में विमान में विराजमान भगवान को तालाब में विशेष सजी-धजी नौकाओं में भव्य जल यात्रा करवाई। इस दौरान गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मेला स्थल पर लगी खिलौने, गुब्बारे, मिठाईयां, चाट, पकौडी सहित कई खाद्य पदार्थों की दुकानों पर महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने जमकर स्वाद का लुत्फ उठाया। इसके बाद ठाकुरजी के विमान वापस निज मंदिर पहुंचे। मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान तैनात रहे। नगर पालिका द्वारा मेले में लोगों की सुविधाओं के लिए टेंट, पार्किंग,पेयजल व लाईट सहित संपूर्ण व्यवस्थएं की गई। सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की टीम भी तैनात रही।

## खोखे से 14 सौ रुपए नकदी व सामान चोरी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के मेला चौराहा स्थित एक खोखे से मंगलवार रात अज्ञात चोर नकदी और सामान चुरा ले गए। खोखा मालिक शिवशंकर शर्मा, निवासी श्रीनगर बांदेन ने राजगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार शर्मा ने मेला चौराहा पर खोखा लगाया हुआ है। बुधवार सुबह जब वह खोला गया तो ताला टूटा मिला। जांच करने पर पाया कि किसी ने दराती की मदद से खोखे का पलड़ ऊंचा कर उसमें रखे करीब 14 सौ रुपए नकद, 5-6 हजार रुपए मूल्य के बीड़ी-सिगरेट, बिस्कुट पैकेट और अन्य सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माधोगढ़ में पेयजल संकट गहराया महिलाएं पहुंची एसडीएम कार्यालय



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र की पलवा ग्राम पंचायत के अंतर्गत माधोगढ़ गांव में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से ग्रामीण त्रस्त हैं। बुधवार को गांव की महिलाएं उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंची और पानी की किल्लत को लेकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा गांव में बोरिंग करवा कर पंप सेट आदि तो लगवा दिए गए, लेकिन सरपंच और जलदाय विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कमजोर पंप सेट लगा दिया गया। नतीजतन अब तक बोरिंग से जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई। इससे गांव में गंभीर पेयजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों को पीने का पानी 2-3 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। स्थिति यह है कि पालतू पशुओं को भी पानी पिलाने के लिए दूर तक जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के चलते प्यासे मरने की नौबत तक आ रही है। गौरतलब है कि 18 अगस्त को भी ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया था। उस समय एसडीएम ने सरपंच को पेयजल समस्या का समाधान करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## चिनार स्कूल के विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा की अगुवाई में अलवर के चिनार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान विधानसभा की कार्यप्रणाली और संसदीय परंपराओं को नजदीक से समझा। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। बच्चों ने ऐतिहासिक पीतल गेट पर विधानसभा अध्यक्ष और वन राज्यमंत्री के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाए। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की जिम्मेदारी आने वाले समय में उन्हीं पर है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष की बहस, प्रश्नकाल और सीटिंग व्यवस्था को देखकर लोकतांत्रिक प्रणाली की गहराई को समझा। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विधानसभा में जनहित के मुद्दों पर बहस और विधायकों की भूमिका को देखना बेहद प्रेरणादायी रहा। इससे उन्हें लोकतंत्र के महत्व को गहराई से जानने का अवसर मिला।

## श्री आदिनाथ धाम में शांतिधारा व समवशरण विधान की हुई शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जैन धर्म के पावन पर्व श्री दशलक्षण महापर्व के अवसर पर मन्नी का बड़ स्थित परम अतिशयकारी श्री आदिनाथ धाम दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को शांतिधारा का आयोजन हुआ। परम पूज्य आचार्य 108 श्री वसुनंदी जी महाराज के शिष्य उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद जी महाराज के सान्निध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। शांतिधारा का लाभ राजेश चौधरी, पवन चौधरी, विशाल अम्बिया, राधेश्याम सहित अन्य श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। चातुर्मास संयोजक पवन जैन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री आदिनाथ धाम में ऐतिहासिक 25 समवशरण विधान का आयोजन 22 सितंबर से 28 सितंबर तक होगा। इस दौरान प्रतिदिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान और विधान सम्पन्न होंगे। धार्मिक आयोजन में शिखरचंद, दीपक, चंद्रसेन, मुकेश, प्रदीप, सतीश, सुनील, रमेश, नेमीचंद, योगेश, पंकज, पारस, दिनेश, अभिषेक, कार्तिक, सौरभ, रोबिन, मगनचंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पुजारीगढ़ परिवार मौजूद रहे। इसी क्रम में णमोकार उपासना वर्षा योग समिति की ओर से मुंशी बाजार स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में भी सामूहिक उपासना आयोजित की गई।

### चेतावनी बोर्ड लगाने,सुरक्षा गार्डो को मुस्तैद रखने व वर्षा जल निकासी के पुख्ता प्रबंध के संबंध में दिए दिशा -निर्देश

# कलक्टर ने किया शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने सागर जलाशय का निरीक्षण कर यूआईटी व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलाशय पर लगाए गए सुरक्षा गार्ड तीन पारियों में मुस्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय पर अतिरिक्त चेतावनी बोर्ड लगाए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय की जल निकासी की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित करें कि पानी शहर में नहीं प्रवेश नहीं करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि आमजन जलाशय के पास ना जावे, सेल्फी आदि न लेवे तथा लोगों से समझाइश करें कि जलाशय से दूर रहकर जलाशय को देखें। इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने शहर के विवेकानन्द सर्किल, त्रिपोलिया, होप सर्कस, कम्पनी बाग, बस स्टैण्ड रोड का निरीक्षण कर वर्षा जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा जल निकासी हेतु नालियों व नालों की नियमित रूप से साफ-सफाई करावे। उन्होंने ईटराना पुलिया पर कराई गई पेंटिंग का निरीक्षण कर नगर निगम के कार्य की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिये कि इस प्रकार की पेंटिंग शहर की पुलियाओं पर भी कराई जावे। जिला कलक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में हो रही वर्षा के कारण नदी, बांध, तालाब, जलाशय आदि में पानी की तेजी से आवक होने से उफान पर है। अतः आमजन इनके पास नहीं जावे तथा ना ही वहां जाकर सेल्फी आदि लेवे। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को वर्षा के दौरान इन स्थानों पर नहीं जाने देवे तथा लोगों से भी इस संबंध में समझाइश करें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा बाढ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नंबर 0144-2700466 व 8949477947 है। जर्जर, जीर्ण-शीर्ण भवन व अन्य किसी भी सूचना हेतु इन दूरभाष नंबरों पर सम्पर्क कर सूचना देवे। इस दौरान एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, नगर निगम आयुक्त श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधिशाषी अभियन्ता श्री अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता श्री खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता श्री दिनेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### माता-पिता का दर्जा ईश्वर से भी ऊँचा कद बताया गया है,ईश्वर कांग्रेस को सद्‌बुद्धि दें

# भारतीय संस्कृति औऱ संस्कार को भूल गई कांग्रेसः शास्त्री

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताश्री को कांग्रेस कार्यकर्त्ता द्वारा राहुल गाँधी के मंच से दी गई गाली के विरोध में भाजपाईयों ने अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया औऱ जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला फूंका।उपस्थित भाजपा भाजपा कार्यकर्त्ताओं में रोष देखा गया।इस मौके पर पत्रकार वार्ता में भाजपा के सोशल मिडिया प्रभारी दीपक शास्त्री ने बताया कि कांग्रेस भारतीय संस्कृति औऱ संस्कार भूल गईं है। ईश्वर कांग्रेसजनों को सद्बुद्धि दे जिससे भारतीय संस्कृति जिन्दा रहे औऱ पाश्चात् संस्कृति भारत में नहीं फूले -फले !उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता -पिता का भगवान से भी ऊँचा कद बताया गया है। इतिहास गवाह है कि विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने माता -पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास भोगा औऱ कष्ट सहन किए। माता की आज्ञा के कारण कुंती के पांचो पुत्र द्रोपदी के पति कहलाए। भारत में माता-पिता का सम्मान केवल भारतीय ही जान सकता है पाश्चात्य संस्कृति के लोग नहीं! उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेंशा से चला आ रहा है कि गलती करने के बाद यदि पश्चाताप यानी क्षमा मांग लेता है तो वह छोटा नहीं बल्कि बड़ा बन जाता है !जो उसका कद है उससे भी बढक़र बड़ा बन जाता है। लेकिन पाश्चात्य संस्कृति में ऐसा कुछ नहीं है।सही मायने में यदि कोई भारतीय संस्कृति में पढ़ा औऱ बड़ा हुआ होता तो देश के कोने-कोने में उसके पुतले नहीं जलते बल्कि जयकारों की आवाज से आसमान गुंजायमान होता। इस मौके पर अलवर उत्तर के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेद भाया जिला उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा,पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा, जिला मंत्री जयप्रकाश शर्मा , हरसौरा मण्डल अध्यक्ष करण सिंह यादव, नारायणपुर मण्डल अध्यक्ष सहित काफ़ी संख्या में बानसूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## सीता स्वयंवर के साथ सम्पन्न हुआ राम जी का विवाह श्री राम कथा का चतुर्थ दिन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की महिमा को समर्पित संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथावाचक श्री 108 सुमेर गिरी महाराज ने सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाया। शहर के स्कीम नंबर 2 स्थित देवीय शक्ति केंद्र वैकुंठधाम मंदिर में माता हरिद्वारगिरी जी की पुण्यतिथि पर 30 सितम्बर से यह कथा आयोजन चल रहा है। कथावाचक ने बताया कि स्वयंवर में जब कोई भी राजा शिव धनुष नहीं तोड़ पाया तो राजा जनक ने निराशा जताई। तभी महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा और लक्ष्मण के आग्रह पर रामचंद्रजी आगे बढ़े और शिवधनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे तोड़ दिया। इसके साथ ही सीता माता ने राम को अपना वर चुना और विवाह सम्पन्न हुआ। इस प्रसंग के दौरान समस्त देवताओं और गंधर्वों ने सीताराम की जोड़ी को प्रणाम किया। गिरी महाराज ने प्रवचन में कहा कि एक छोटा सा मंत्र भी भगवान को दर्शन देने को विवश कर देता है। इसलिए छोटे को छोटा न समझकर हर किसी का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान मंदिर प्रवक्ता लखन शर्मा ने भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक समिति के सदस्य किशन लाल कालरा ने बताया कि कथा के चौथे दिन जलझूलनी एकादशी के अवसर पर क्षीर सागर में विराजमान भगवान विष्णु और सीताराम की झांकी सजाई गई, जिनकी बारी-बारी से आरती हुई। कथा संयोजक अर्पित भारद्वाज ने कहा कि 8 अक्टूबर को कथा का विधिवत विश्राम होगा और 9 अक्टूबर को हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## प्याज की फसल को नमी जनित बीमारियों से बचाने के लिए उद्यान विभाग की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** उद्यान विभाग के उप निदेशक श्री के.एल. मीना ने बताया कि जिले में लगातार हो रही वर्षा और पूर्वी हवाओं के चलते वातावरण में नमी अधिक हो गई है, जिसके कारण प्याज की फसल में एन्थ्रेक्नोज, ट्विस्टर ब्लाइट (पत्ती मरोड़ विकृति/जलेबी रोग) तथा जड़ एवं कंद गलन जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इन बीमारियों की रोकथाम के लिए समय पर दवा का छिड़क़ाव करें। इसके लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 3 ग्राम प्रति लीटर पानी, या मेंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2 ग्राम प्रति लीटर पानी, या कार्बेन्डाजिम 12 प्रतिशत डब्ल्यूपी एवं मेंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2 ग्राम प्रति लीटर पानी, अथवा एजॉक्सिस्ट्रोबिन 11 प्रतिशत और टेबुकोनाजोल 18.3 प्रतिशत एससी का 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिडक़ाव करना प्रभावी रहेगा। दूसरा छिडक़ाव 10 से 15 दिन के अंतराल पर करना आवश्यक है। श्री मीना ने कहा कि रासायनिक उपचार के साथ-साथ खेत में उचित जल निकास की व्यवस्था भी बेहद जरूरी है, ताकि जलभराव से रोगों और कीटों का प्रकोप न बढ़े। अधिक वर्षा से यदि मेडों की मिट्टी बह गई हो तो नमी सूखने पर खुरपी की सहायता से पुनः मिट्टी चढ़ाना चाहिए।

# देव जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी के डोलों का भव्य नगर भ्रमण

बढ़ता राजस्थान




**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** बुधवार को देव जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी के डोले राजसी ठाठ-बाट के साथ निकाले गए। रंग-बिरंगे फूलों से सजे धजे डोलों में ठाकुरजी और राधा रानी को नई आकर्षक पोशाक पहनाकर विराजमान किया गया।

जयकारों, ढोल-नगाड़ों और भगवा ध्वज थामे युवाओं की टोलियों के साथ नगर भ्रमण करते डोलों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

सबसे पहले गढ़ मोहल्ले स्थित प्राचीन बिहारी जी मंदिर से डोला रवाना हुआ। इसके बाद ठाकुरजी के अन्य डोले शिवाजी नगर, मुख्य बाजार, चुड़ी मार्केट और हमींदपुर रोड से होते हुए गोगा बाबा मंदिर पहुंचे, जहां भगवान का जलविहार कराया गया। इसके उपरांत सामूहिक महाआरती की गई। श्रद्धालु डोलों के नीचे से गुजरकर दर्शन करते रहे और सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिरों में सुबह से ही पालकियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालु कंधों पर डोले उठाए चल रहे थे और ठाकुरजी को चंवर डुला रहे थे। पहली बार सजाई गई आकर्षक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण बनीं।

नगर भ्रमण में गढ़ मोहल्ला स्थित ठाकुरजी मंदिर, बलदेव महाराज मंदिर, बिहारी जी मंदिर और नृसिंह जी मंदिर से डोले शामिल हुए। भव्य शोभायात्रा के दौरान पुलिस जाब्ता तैनात रहा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

### जोशी को विप्र फाउंडेशन का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बंटी मिठाईयां

# विप्र समाज की आवाज बनेंगे एडवोकेट विकास:शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन -1जयपुर के कोटपूतली बहरोड़ जिले के ब्लॉक बानसूर के पद पर एडवोकेट विकास जोशी को नियुक्त किए जाने मांनशी मार्किट में मिठाई बांटकर ख़ुशी का इजहार किया गया।

इस मौके पर वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने कहा कि यह शीर्ष नेतृत्व का सही फैसला है। एडवोकेट विकास जोशी गाँव -गाँव, ढाणी -ढाणी जाकर संगठन को मजबूत करेंगे और समाज की बात को पुरजोर तरीके से उठाएंगे। वहीं मेढ़ क्षत्रिय समाज के विष्णु सोनी ने कहा कि एडवोकेट विकास जोशी सभी समाजों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं और करते रहेंगे। मैं विप्र समाज के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने एक ऐसी शख़्सियत को नियुक्ति दी है जिसमें विप्र समाज के साथ -साथ सभी समाजों की समस्याओं के निराकरण की क्षमता है।

इस मौके पर वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, लोकजनशक्ति पार्टी रामबिलास)के प्रदेश सचिव व वरिष्ठ पत्रकार सुगनचन्द मौर्य,विष्णु सोनी, भाजपा के पूर्व आईटी सैल के विजय कुमावत, घीसाराम महावर, न्यू सीटीजन टेलर के संतोष कटारिया, पत्रकार लोकेश वर्मा,लुपिन संस्था के हवासिंह चौधरी सहित व्यापारीयों ने लड्डू बांटकर ख़ुशी का इजहार किया।

# दामाद की प्रेरणा पर संपन्न हुआ नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(विनोद गौड़)।** मंगलवार देर रात विज्ञान नगर निवासी बालकिशन गांधी की धर्मपत्नी वीना गांधी का आकस्मिक निधन हुआ जिसके उपरांत दामाद मुकेश चड्ढा ने तुरंत ही अपने साले योगेश,संदीप , मनीष और दीपक व चेतना से वीना के नेत्रदान के लिए बात की ।

बालकिशन प्रारंभ से ही धर्म कर्म में आस्था रखने वाले व्यक्ति रहे हैं। समय-समय पर सामाजिक कार्य में भी बढ़-चढक़र भाग लेते हैं,जैसे ही मुकेश ने नेत्रदान के बारे में परिजनों से चर्चा की, तो सभी से सहमति मिलने के उपरांत शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से देर रात 1:00 बजे नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई ।

# मंदिरों से जलाशयों तक बही भक्ति श्रद्धा और विश्वास की जन-धारा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** जलझूलनी एकादशी पर शहर गांव व कस्बो के जलाशय पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पडा।

माताएं बहने पूजा की थाल,दान करने योग्य फल और वस्तुएं लेकर देव विमानों के साथ चल पड़ी, मधुर मधुर भक्ति भजनों के साथ नाचते गाती महिलाएं व श्रद्धालुओं ने भक्ति रस की गंगा बहादी।

शाम के समय मंदिरों में विराजित प्रमुख प्रतिमाओं को सुसज्जित देव विमान में पधराया गया। तत्पश्चाप भक्त जयकारों के साथ डोल के रूप मैं कंधों पर उठाकर चन्वल ढुलाते हुए धूप दीप आदि सुगंधित आहुतियां को देते हुए देव विमान को लेकर घाट स्थलों पर पहुंचे।




विधि विधान से परंपरागत रीत पौतडे धोने की प्रथा निभाई गयी।

कोटा के राजपुरोहित परिवार के सदस्य अनंत दाधीच ने बताया कि मां देवकी के गर्भ से उत्पन्न आठवीं संतान यशोदा के घर पहुंची थी। और मां यशोदा ने आज ही के दिन अपने लाल के कपड़ो को यमुना जी के तट पर धोया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है।



मंदिरों से विराजित देव प्रतिमाओ को सुसज्जित देव विमानों में लेकर जलाशयो की लेकर श्रद्धालुओं का आस्था समूह उमड़ चला।

शहर के नयापुरा, की छोटी पुलिया,बेराज के बोट के बालाजी, भितरिया कुंड, कंसुआ धाम, रंगपुर के प्रमुख घाटों पर प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएँ की है।

स्थानीय सभी श्री कृष्ण को समर्पित देवालायो सहित विभिन्न मंदिरों से निकले बेवाण शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरे। श्रद्धालु भगवान के बेवाण को कंधों पर उठाकर चंवर ढूलाते हुए चल रहे थे। व्यायाम शाला के पहलवानों ने करतब भी दिखाए। जगह-जगह पुष्प वर्षा से जुलूस का स्वागत किया गया।

प्राचीन कुंड पर बेवाणों की पूजा-आरती की गई। झालर घंटे, भजन-कीर्तन और शंखनाद के साथ भगवान की पालकी को जल में झुलाया गया। प्रसादी का वितरण किया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे जी ने किया सिया - राम परिणय महोत्सव का पोस्टर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। गायत्री देवी ट्रस्ट के संस्थापक चंद्रशेखर अरोड़ा ने बताया कि बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्रीमती वसुंधराराजे जी ने गायत्री देवी ट्रस्ट द्वारा 1 नवंबर 2025 को आयोजित 51 जोड़ के सर्वजातीय सामूहिक विवाह का पोस्टर विमोचन किया।

वसुंधरा राजे जी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की अग्रिम बधाई दी और ऐसे कार्य लगातार करने के लिए प्रेरित किया वसुंधरा राजे जी ने गायत्री देवी ट्रस्ट के कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोपाल सिंह जुगल माली चंद्रशेखर अरोड़ा नंदकिशोर व्यास प्रहलादराम गोयल राजेंद्र माथुर राजेश भाटिया संतोष खत्री अशोक चितारा करण अरोड़ा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी इटावा मे शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/इटावा (विनोद गौड़)।** भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्ष की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी का उद्धघाटन इटवा कस्बे मे हुआ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा एवं कोटा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन ऊर्जा मंत्री ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ शर्मा बंबूलियां ने बताया कि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों ओर योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से जनता को दी जा रही हैं। यह



तीन दिवसीय प्रदर्शनी इटावा मेला परिसर स्थित नरेगा भवन में आयोजित हो रही हैं ।

जिसमें जनधन योजना मातृत्व ,वंदन योजना , किसानों , युवाओं , श्रमिकों सहित विभिन्न वर्गों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याण कार्य योजनाओं से आमजन को रूबरू करवाया जा रहा है इस अवसर प्रधान साहब रिंकू मीणा, चेयरमेन श्रीमती रजनी सोनी, मानव सेवा समिति अध्यक्ष रिंकू सोनी , मंडल अध्यक्ष मुकेश नागर , बम्बूलिया सरपंच श्री अशोक जी मीणा, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश नागर, नंदबिहारी राजपुरा , बाबू लाल नागर, दिनेश नंदवाना , सीपी मीणा, हनुमान गुर्जर, मनोज कुमार डायरेक्टर, लेखराज महावर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेत्रदान जागरूकता संगोष्ठी आयोजितख, नेत्रदान किसी को जीवनभर की रोशनी दे सकता है

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान (कोटा चैप्टर) के तत्वावधान में 'नेत्रदान पखवाड़ा' के अंतर्गत ईथोस हॉस्पिटल, कोटा में बुधवार को नेत्रदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

हॉस्पिटल निदेशक प्रदीप दाधीच ने मुख्य अतिथि डॉ. के.के. कंजोलिया, डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. राजेश गोयल तथा आई बैंक सोसाइटी के सदस्य अजय गट्टानी का स्वागत किया। कार्यक्रम में चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ ने नेत्रदान की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की और अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. कंजोलिया ने कहा कि विश्वभर में हर पाँच सेकंड में एक वयस्क और प्रति मिनट एक बच्चा अंधत्व



का शिकार होता है। उन्होंने बताया कि नेत्रदान पूरी तरह सुरक्षित, रक्तविहीन और मात्र दस मिनट में सम्पन्न होने वाली प्रक्रिया है। इसमें केवल कॉर्निया लिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाकर मृतक का स्वरूप यथावत रखा जाता है, जिससे किसी प्रकार की कुरूपता नहीं आती। 2 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक का कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है।

आई बैंक सोसाइटी के कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश पाण्डेय ने 'आई मॉडल' की सहायता से विद्यार्थियों को आंख की संरचना और कार्यप्रणाली समझाई।

# पाड़ाझर पुलिया निर्माण को मिली मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से टूटी हुई पाड़ाझर पुलिया के निर्माण को आखिरकार नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाईफ से स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति सांसद शसी. पी. जोशी के प्रयासों से संभव हो पाई है। इस पुलिया का निर्माण एन पी सी आई एल के सी एस आर फंड से 7.00 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

पुलिया टूट जाने से कई गांवों का संपर्क बाधित हो जाता था, विशेषकर बरसात के समय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार ग्रामीण अपने ही गांव में फंस जाते थे और आपातकालीन परिस्थितियों में स्थिति और गंभीर हो जाती थी। इस पुलिया के निर्माण से अब ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

# भारतीय किसान संघ ने कृषि के देवता भगवान बलराम की जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारतीय किसान संघ की ओर से पार्श्वनाथ विहार, कुन्हाड़ी में भगवान बलराम जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान प्रदेश महिला प्रमुख रमा शर्मा ने कहा कि भगवान बलराम कृषि के देवता हैं। प्राचीन समय से ही भारत कृषि प्रधान देश रहा है और वर्तमान में भी कृषि क्षेत्र ही भारत का सबसे बड़ा कार्य क्षेत्र है। उन्होंने सभी से भगवान बलराम के आदर्शों पर चलकर संगठन को मजबूत करने व देश के गौरव को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की अपील की। किसानों से जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, घर-घर देसी गाय पालने, देशी हल की पूजा करने का आह्वान भी किया।

# कांग्रेस चुनाव आयोग के विरुद्ध अविश्वास फैला रही है: सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भाजपा राजस्थान के मीडिया संपर्क विभाग प्रदेश सहसंयोजक अरविन्द सिसोदिया नें कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस अपनी कारगुजारियों के कारण गत तीन आम चुनावों से केंद्रीय सत्ता से दूर है अब वह आराजकता और अव्यवस्था के रास्ते सत्ता हथियानेँ का अपरोक्ष षड्यंत्र रच रही है, इसी टूलकिट का हिस्सा चुनाव आयोग के प्रति झूठे आरोपों से अविश्वास उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अच्छी तरह समझले कि भारत का जनमानस कांग्रेस की चालों को समझ चुका है और उसके षड्यंत्र कतई सफल नहीं होनें देगी।

देश की जनता प्रधानमंत्री मोदीजी पर, भारतीय लोकतंत्र में , भारत के संविधान में और भारत



के चुनाव आयोग पर अपना अटूट विश्वास रखती है और देश विरोधी किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होनें देगी। सिसोदिया नें कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मज़बूती और विश्वसनीयता पर पूरे देश को गर्व है। जिसमें चुनाव आयोग ने सदैव निष्पक्षता,पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित रखने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसीलिए कांग्रेस पहले आम चुनाव 1952 से लेकर 1977 तक़ लगातार सत्ता में रही। 2014 में तो कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की देखरेख में ही आम चुनाव हुये थे।

# तप केवल उपवास नहीं, आत्मशुद्धि की साधना है - जैनाचार्य प्रज्ञासागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** उत्तम तप विषय पर अपने मंगल प्रवचन में आचार्य प्रज्ञासागर जी महाराज ने कहा कि वास्तविक तप केवल शारीरिक उपवास नहीं है, बल्कि बुद्धि, वाणी और मन—तीनों स्तरों पर इच्छाओं को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि की साधना है।

महाराजश्री ने कहा कि तपस्या का अर्थ केवल भोजन-त्याग या कठिन परिस्थितियों का सामना करना नहीं है। असली तप वह है जिसमें साधक अपनी लालसाओं, इच्छाओं और मन की चंचलता को संयमित कर आत्मा को निर्मल बनाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तप का उद्देश्य इच्छाओं की पूर्ति नहीं, बल्कि उन्हें विशुद्ध करना है।

उन्होंने श्रावकों से कहा कि जब तक मन की इच्छाएं शुद्ध और निर्मल नहीं होतीं, तब तक वास्तविक तप नहीं माना जा सकता। तपश्चर्या का



अभ्यास शरीर, वाणी और मन—तीनों स्तरों पर होना चाहिए। तप का मूल उद्देश्य आत्मशुद्धि, कर्मों की निर्जरा और परमात्मा की प्राप्ति है।

आचार्य प्रज्ञासागर जी ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों और समस्याओं के बीच भी मन की स्थिरता और प्रसन्नता बनाए रखना ही सच्चा तप है। तपस्या से आत्मा की चेतना शुद्ध होती है, पापकर्म कटते हैं और पवित्रता का प्रकाश प्रकट होता है।

अध्यक्ष लोकेश जैन एवं महामंत्री नवीन जैन दौराया ने बताया कि बुधवार को पुण्यार्जक परिवार सुशीला,संजय,मीनल दर्पण-साक्षी,गार्गी,समस्त कासलीवाल परिवार एवँ समस्त महावीर नगर द्वितीय समाज कोटा तथा विमल जी-शिमला,तरुण-ज्योति,वरुण-वेदिका जी,अरुण-अंकिता समस्त वर्धमान ज्वैलर्स परिवार, कोटा रहा। बुधवार के चातुर्मास के पुण्यर्जाक? प्रेमचंद चंद्रप्रकाश जैन सीसवाली वाला परिवार रहा।

कोषाध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि कार्यक्रम में डिप्टी गंगासहाय,एडीशन एसपी दीलिप सैनी,डीवाईएसपी प्रवीण जैन डा.मनोज जैन व डा.पंकज जैन,भाजपा जिला महामंत्री जगदीश जिन्दल ने गुरूदेव को श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर चैयरमैन यतिश जैन खेडावाल, योगेश सिंघम, विनय शाह, संजय खटकिड़ा,शैलेन्द्र जैन, अनिल दौराया, त्रिलोक जैन, शंभू जैन, लोकेश दमदमा, विकास मजीतिया, नीलेश खटकिड़ा, आशीष जैसवाल, अजय मेहरू, संजीव जैन, कपिल आगम, राजीव पाटनी, गुलाबचंद लुहाडिया, अर्पित सराफ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कंवलपुरा-दरा रेलखंड पर तेज वर्षा से पत्थर गिरने से प्रभावित रेल यातायात बहाल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** कोटा मंडल के कंवलपुरा-दरा रेलखंड पर बुधवार तडक़े तेज वर्षा के कारण ट्रैक पर पत्थर गिरने से रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस घटना के कारण प्रातः लगभग 04.00 बजे से 08.40 बजे तक अप एवं डाउन दोनों लाइन पर परिचालन अवरुद्ध रहा और कुछ गाडियों का संचालन विलंबित हुआ। सूचना मिलते ही मंडल रेल प्रबंधक सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने कण्ट्रोल रूम पहुँच कर स्थिति का आकलन कर,तकनीकी दल को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। ट्रैक पर गिरे पत्थरों को हटाने के बाद प्रभावित खंड का गहन निरीक्षण एवं संरक्षा जांच की गई। सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के उपरांत गाडियों का संचालन प्रतिबंधित गति से शुरू किया गया।

## समाजसेवी के साथ मारपीट के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की माँग

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** कोटा जिले की चेचट थाना पुलिस ने राजपूत समाज के समाजसेवी राजेंद्र सिंह के साथ बर्बर मारपीट करने के मामले में राजपूत समाज ने एसडीएम चारु वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है,

संदीप सिंह चंद्रावत ने बताया कि 31 अगस्त को चेचट पुलिस के दो जवानों ने युवक को कथित पूछताछ के नाम पर थाने बुलाया और उनके



साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही युवक से मारपीट की इस दौरान उनके हाथ में गंभीर चोट आई, यहां तक कि हड्डी फैक्चर हो गई और आंतरिक चोटें भी आईं। जिसके बाद में पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।

मंत्री दिलावर को भी की थी शिकायत।

मंगलवार को भी राजू समाज के लोगों ने राजस्थान सरकार में पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री, मदन दिलावर को शिकायत करते हुए घटना से अवगत कराया था।

उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी

इस घटना को लेकर राजपूत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने आरोप लगाया कि किसी भी नेता के शह पर पुलिसकर्मी बाबूलाल चौधरी और कैलाश चौधरी ने इस तरह की हरकत की है। राजपूत समाज ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की एवं दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने मांग की है। पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समाजजनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो करणी सेना सडक़ पर उतरकर उग्र आंदोलन एवं धरना करेगी। ज्ञापन देने वालो में रहे शंभू सिंह सोलंकी, नागेंद्र सिंह मंडा, विक्रम सिंह भदौरिया, संदीप सिंह चंद्रावत, देवेंद्र सिंह हाड़ा, रमनराज सिंह( लाला बना), नगर अध्यक्ष नवदीप सिंह, दीपक सिंह, शक्ति सिंह, बिट्टू बना, कुलविंद्र सिंह, अजय सिंह, हिमांशु सिंह,देशराज सिंह,भीम सिंह, युवराज सिंह, नरेंद्र सिंह, दक्ष बना, सिद्धार्थ बना,नंद सिंहदीपेंद्र सिंह, चतर सिंह, रघुनंदन सिंह,भंवर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह उमाशंकर सिंह, संदीप सिंह एवं समस्त सर्व समाज गण उपस्थित रहे।

## खटीक समाज की ओर से तेजाजी दशमी पर निकला विशाल जुलूस



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** उसरी गेट पर वीर तेजाजी युवा मंडल और खटीक समाज की ओर से तेजाजी दशमी पर विशाल जुलूस एवं मेले का आयोजन किया गया। पिन्टू खटीक ने बताया कि यह मेला सौ वर्षों से अधिक समय से परंपरागत रूप से निकाला जा रहा है। हर साल की भांति इस बार भी समाजजनों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन में भागीदारी की। जुलूस में तेजाजी महाराज की छडिया प्रमुख आकर्षण रहीं। इसके साथ ही तेजाजी महाराज, मां काली, तिरुपति महाराज और बाहुबली हनुमानजी की झांकियां भी निकाली गईं। पूरा वातावरण भक्ति और आस्था के रंग में डूबा नजर आया। इस अवसर पर राजगढ़ भैरव धाम के उपासक चम्पालाल महाराज, खटीक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष छितरमल टेपण, समाज के पटेल अमरचंद सामरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज टांक, रामगंज थाना प्रभारी डॉ. रवि सामरिया, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, पार्षद हेमलता बंसल, वीर तेजाजी युवा मंडल की टीम सहित खटीक समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संत नगर फीडर पर बदला गया ट्रांसफार्मर, सात घंटे रही आधे शहर की बिजली बंद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बुधवार को शहर के बड़े हिस्से में करीब सात घंटे तक बिजली गुल रही। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने सरमथुरा रोड स्थित संत नगर 33/11 केवी फीडर पर ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया। पूर्व सूचना के अनुसार यह मरम्मत कार्य सुबह शुरू हुआ और शाम छह बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। निगम के कनिष्ठ अभियंता आयुष राज गुप्ता ने बताया कि यहां पहले 3.15 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था, जिस पर लगातार अधिक लोड आने से समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस जीएसएस से शहर का सामान्य अस्पताल, पंचायत समिति क्षेत्र, बैंक क्षेत्र और मुख्य बाजार सहित बड़ा इलाका जुड़ा हुआ है। लोड की समस्या को देखते हुए प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके मंजूर होने के बाद 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। गुप्ता ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर से उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

## श्री सांवरिया नवयुवक मंडल द्वारा भव्य कीर्तन का आयोजन 8 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** पिछले तीन वर्षों से श्री सांवरिया नवयुवक मंडल धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने हेतु भव्य कीर्तन का आयोजन करता आ रहा है। इस श्रृंखला में इस वर्ष भी 8 सितंबर 2025, सोमवार को एक भव्य कीर्तन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर इंदौर के सुप्रसिद्ध कलाकार शिवम रावल, दिल्ली से भजन गायिका राधिका ठाकुर और अजमेर के भजन गायक विमल गर्ग अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। विशेष बात यह है कि श्री सांवरिया सेठ मंदिर अजमेर के मुख्य पुजारी सांवरिया दास जी महाराज भी पहली बार इस कीर्तन महोत्सव में पधारकर भक्तजनों को आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम में मंगलमुखी किन्नर अखाड़ा से मुस्कान मां भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

भजन संध्या का मुख्य आकर्षण होगा श्री श्याम बाबा का दरबार, जिसे विशेष रूप से कांच के महल में सजाया जाएगा। इसके लिए कोलकाता से खास फूल मंगाए गए हैं, जो दरबार की भव्यता में चार चाँद लगाएंगे।

## शिक्षा से मिटेंगी कुरीतियां व अंधविश्वास

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** केवल अक्षर ज्ञान ही साक्षरता नहीं है, आज के युग में कंप्यूटर ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है क्योंकि अब अधिकांश ज्ञान और तकनीक कंप्यूटर पर आधारित हैं। नई शिक्षा नीति में कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। शिक्षा के माध्यम से ही हम अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों पर विजय पा सकते हैं। यह विचार कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने बुधवार को साक्षरता सप्ताह के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है और सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकता है। इस अवसर पर डॉ. आकाश तंवर, डॉ. मोहित कुमार और डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि व्यक्ति और राष्ट्र दोनों के विकास में शिक्षा की अहम भूमिका है।

वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 2022 से 2027 तक नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें पाँच घटक शामिल किए गए हैं— बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, सामान्य ज्ञान और सतत शिक्षा।

संगोष्ठी में डॉ. शंकरलाल यादव, भानुप्रिया पंकज सहित संपूर्ण स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ठाकुर जी का भव्य जलविहार भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** ब्रज क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी (ग्यारस) का विशेष महत्व है। इसी परंपरा के अंतर्गत बुधवार को कस्बे के विभिन्न देवालयों से ठाकुर जी डोले में विराजमान होकर जलविहार के लिए निकले। बैंड-बाजों की गूंज और भक्तिमय वातावरण में विश्वकर्मा मंदिर व लक्ष्मण मंदिर से प्रारंभ हुआ ठाकुर जी का डोला कस्बे के मुख्य बाजार और मोहल्लों से गुजरता हुआ भगत राज स्थित मंदिर पहुंचा। मंदिर प्रांगण में पंडित घनश्याम शर्मा और कपिल देव शर्मा के नेतृत्व में सभी डोलों का सामूहिक पूजन-अर्चन किया गया।

### गोरक्षक बोले: प्रशासन ने मामला दबाने के लिए नहीं कराया पोस्टमार्टम

# दुर्घटना में मृत पशुओं की संख्या नहीं दर्ज करवा रहे जिम्मेदार

बढ़ता राजस्थान

**29 अगस्त को हो गई थी 9 गोवंशों की मौत**



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** देश में हाइवे व सडक़ों पर घटित होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं का डेटाबेस संग्रहण करने के लिए सरकार ने एकीकृत सडक़ दुर्घटना डेटाबेस ऑनलाइन पोर्टल संचालित कर रखा है। जिसमें सडक़ दुर्घटनाओं में मृत, गंभीर चोटिल व सामान्य चोटिल लोगों व पशुओं की तस्दीक पुलिस व एनएचएआई की सूचना पर अपग्रेड की जाती है लेकिन ऑनलाइन डेटाबेस में मनुष्यों और पशुओं में भेदभाव किया जा रहा है।

जिसका परिणाम यह है कि लोगों की लापरवाही के कारण चोटिल व मृत होने वाले बेजुबानों का रिकॉर्ड एकीकृत सडक़ दुर्घटना डेटाबेस पोर्टल से गायब है।

बता दें कि बीते शुक्रवार को नेशनल हाइवे 11 बी स्थित चांदपुरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने गोवंश को टक्कर मार दी थी। जिसमें 9 गोवंश की मौत हो गई थी। कई अन्य गोवंश घायल हो गए थे। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों व गोरक्षक दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मृत गोवंश के शवों को हाइवे पर रखकर नेशनल हाइवे जाम कर दिया था। जिससे लगभग एक घंटे तक हाइवे जाम रहा था। घटना की सूचना पाकर एसडीएम अमन चौधरी व थानाप्रभारी कृपाल सिंह मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने आक्रोशितों से दोषी पर कार्रवाई करने का आश्वासन करने का वादा करके समझाइश कर बमुश्किल जाम खुलवाया था। इस घटना से स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हुई थी। इसके बावजूद उक्त सडक़ हादसे में मृत गौ वंश व बछड़ों का पोस्टमार्टम नही कराया गया, उनके छत-विक्षत शव का स्थानीय प्रशासन ने निस्तारण कर दिया।

इस मामले में पशु प्रेमी व गौ रक्षक दल से जुड़े सरमथुरा निवासी अमित कुमार सोनी ने बताया कि बीते शनिवार को जब नेशनल हाइवे 11 बी पर अज्ञात वाहन ने गौ वंश को टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया था, तब हमने एसडीएम से मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन ने मामले को दबाने और हाइवे का जाम खुलवाने के लिए जबरन मृत गोवंश को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर जंगल में ले गए थे। इस घटना से पूर्व भी हाइवे पर एक दिन पूर्व एक गोवंश का शव मिला था, जिसका ऊपरी हिस्सा गायब था। इस मामले के खुलासे के लिए हमने को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने अपनी मनमर्जी की। स्थानीय प्रशासन की बेरुखी के कारण नेशनल हाइवे पर रोजाना राहगीर व वाहन चालकों के साथ आवारा पशु सडक़ हादसों का शिकार होते है। इनके संरक्षण के लिए जिला प्रशासन को कोई उचित व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे निराश्रित गायों की मौत न हो तथा वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार नही हो सके। इसके लिए प्रशासन को शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है। जिससे लोग भी परेशान नही हो।

### 9 पंचायतों में लगे वित्तीय समावेशन शिविर

## 1490 पात्र लाभार्थियों का हुआ नामांकन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिले में वित्तीय समावेशन को गति देने और आमजन को सरकारी योजनाओं से जोडऩे के उद्देश्य से बुधवार को 9 ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा सैचुरेशन एवं वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किए गए। जिला अग्रणी बैंक पंजाब नैशनल बैंक के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों में 1490 पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया। पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार ने शिविरों का निरीक्षण करते हुए शाखा प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र खाते में री-केवाईसी और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शाखा प्रबंधकों और बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) पर कार्रवाई की जाएगी। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, एफएलसी उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों से जुडऩे का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह शिविर 30 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार और बुधवार को आयोजित किए जाएंगे। यदि कोई पात्र लाभार्थी निर्धारित दिन पर शिविर में नहीं पहुंच पाता है तो वह अपनी नजदीकी शाखा या बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर जाकर नामांकन करवा सकता है।

शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

## फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से 2 लाख की लूट

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी में कट्टा दिखाकर बदमाशों ने छीना बैग**

**धौलपुर, बसेड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाड़े फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 2 लाख रुपए और बायोमैट्रिक मशीन लूट ली। घटना मंगलवार शाम को उस समय हुई जब कर्मचारी मनोज कुमार कलेक्शन कर लौट रहे थे। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मनोज कुमार भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। वह मंगलवार को अपनी बाइक से वाजिदपुर, नयागांव, जोगीपुरा, होलीपुरा और तांतपुर गांवों से कलेक्शन कर 2,08,265 रुपए जमा कर चुके थे। जब वे बसेड़ी लौट रहे थे, तब सिहोली गांव के पास पीछे से आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। बदमाशों ने कट्टा दिखाकर उनका बैग छीन लिया, जिसमें रुपए और बायोमैट्रिक मशीन थी। वारदात के बाद आरोपी जारगा की तरफ फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने मनोज का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया ताकि वह तुरंत मदद न बुला सकें। पीडि़त मनोज आगरा जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र के डाडा घुसियाना गांव के निवासी हैं। वह पिछले तीन साल से भारत फाइनेंस कंपनी में काम कर रहे हैं और पिछले तीन महीने से बसेड़ी शाखा में तैनात हैं।

## पहलवानों को निराशा, बारिश बनी बाधा

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जलझूलनी एकादशी पर होने वाला अजेय पहलवान स्व. बंशी राम पाण्डेय की स्मृति में विशाल कुश्ती दंगल इस बार बारिश की भेंट चढ़ गया। नगर पालिका को लगातार हो रही बरसात और खेल मैदान में पानी भर जाने के कारण दंगल निरस्त करना पड़ा। हालांकि परंपरा के अनुसार रघुनाथ जनहितकारी संस्थान में बाबा बंशी पहलवान की प्रतिमा पर नगरपालिका मंडल भुसावर और परिजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर पालिका की ओर से पूर्व क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष पूरणमल पांडे का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् सेवानिवृत्त प्राचार्य निरंजन पांडे की अगुवाई में हुआ। इसमें आर्ष कन्या गुरुकुल, श्री आर्य महिला विद्यापीठ और आदर्श विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। वहीं पांडे करी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फल वितरण भी किया गया। इस मौके पर पूरनमल पांडेय, प्रकाश पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रकाश जाटव, अधिशाषी अधिकारी सुरेश मीना, भूपेंद्र कुमार पांडेय, रविंद्र पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, राजीव पांडेय, कुलदीप पांडेय, वैद्य राजेंद्र पांडेय, चंद्रप्रकाश अवस्थी, पंडित महेश नावरिया, सुधीर पांडेय, सोमदत्त शर्मा, पार्षद चिरमोली राम जाटव, पार्षद अमर सिंह जाटव, समाजसेवी तुलसीराम जाटव, भाष्कर डम्पी पांडेय, बबली पांडेय, कपिल पांडेय, बिहारी लाल सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बताया गया कि यह दंगल करीब 125 वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है, जिसमें राजस्थान के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश के नामी पहलवान हिस्सा लेते रहे हैं। इस बार लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश और 3 सितंबर की सुबह से तेज बरसात के चलते मैदान में पानी भर गया, जिसके कारण आयोजन को निरस्त करना पड़ा।

### गुरुवार को छप्पन भोग व रात्रि जागरण का होगा आयोजन

## गणेश महोत्सव में कृष्ण-रुक्मणी विवाह, झूमकर नाची महिलाएं

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** नगर में गणेश महोत्सव की धूम के बीच धार्मिक उत्सवों की श्रृंखला जारी है। कोट पाड़ा स्थित बाल गणेश मंडल द्वारा आयोजित आठवें सामूहिक गणेश महोत्सव में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। बुधवार को कथा के दौरान कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग हुआ, जिसमें श्रद्धालु महिलाएं भक्ति भाव से झूमकर नृत्य करती नजर आईं। इस अवसर पर विशेष प्रसादी भी वितरित की गई। बाल गणेश मंडल के कामेश सोनी ने बताया कि कथा वाचन आचार्य पंडित पवन शास्त्री कर रहे हैं। गुरुवार को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और रात्रि जागरण का आयोजन होगा। शहर के बालेश्वर महादेव मंदिर पर गणेश नवयुवक मंडल की ओर से भी गुरुवार को 56 भोग और रात्रि जागरण होगा। वहीं अग्रवाल धर्मशाला में गणेश मंडल द्वारा 22वां महोत्सव चल रहा है, जहां 5 सितंबर को छप्पन भोग अर्पित कर रात्रि जागरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया मान सिंह बारहठ का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय जनता पार्टी राजसमंद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष मान सिंह बारहठ का जन्मदिन बुधवार को जिलेभर के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। जिला कारागृह के पास आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री शक्ति पीठ राजसमंद के गिरिजा शंकर पालीवाल ने गायत्री मंत्रोच्चार, पूजा-पाठ और दीप प्रज्वलन से की। इसके बाद हरिओम-दिया फैंस राजसमंद के कार्यकर्ताओं ने मान सिंह बारहठ को मेवाड़ी साफा, उपरणा और तलवार भेंट कर जन्मदिन को यादगार बनाया। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया। भाजपा नेता प्रदीप खत्री ने बताया कि संपूर्ण जिले से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता महेश पालीवाल, भीम सिंह चौहान, गोपाल कृष्ण पालीवाल, सुरेश जोशी पसुंद, श्रीकिशन पालीवाल, दिग्विजय सिंह भाटी मोही, सी.पी. धींग, परेश सोनी, महेश चौधरी, उपप्रधान सुरेश कुमावत, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, प्रवीण नंदवाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा जलझूलनी मेला गड़बोर में सम्पन्न

## श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के शाही स्नान व शोभायात्रा में लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर राजसमंद जिले के गड़बोर कस्बे में प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा मेला धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस भव्य मेले में न केवल राजस्थान, बल्कि गुजरात और मध्यप्रदेश से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और ठाकुरजी के दर्शन का लाभ लिया। सुबह चारभुजा नाथ मंदिर में महाआरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद नियत समय पर ठाकुरजी की शाही सवारी स्वर्ण वैवाण (सोने की पालकी) में निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी-घोड़े, आकर्षक झांकियां, मंदिर की पारंपरिक पलटन और हजारों भक्त शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी पर गुलाल अर्पित कर धोग लगाया, जिससे पूरा कस्बा भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर हो गया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शाही सवारी दूध तलाई पहुंची, जहां ठाकुरजी का शाही स्नान करवाया गया। इसके बाद विश्राम के पश्चात रजत वैवाण (चांदी की पालकी) में ठाकुरजी को पुनः मंदिर लाया गया। स्नान और महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और भक्ति का वातावरण छा गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। सात थानाधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, वहीं मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी गई।

## विशाल रक्तदान शिविर, 87 यूनिट रक्त संग्रहित



**बढ़ता राजस्थान**

कपासन (नि.स.)। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन कपासन के तत्वावधान में बुधवार को दरगाह दिवाना शाह परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चित्तौडग़ढ़ सांवरिया राजकीय जिला चिकित्सालय की मेडिकल टीम के सहयोग से 87 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन फाउंडेशन के राजस्थान कन्वीनर मुफ्ती मुस्ताक अहमद, उदयपुर डिवीजन प्रभारी अहमद नूर छिपा और कपासन इंचार्ज तालिब हुसैन ने किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

अंजुमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि शिविर में समाज के कई गणमान्यजन, चिकित्सक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. ललित बोरीवाल, आरएनटी ग्रुप के डॉ. वसीम खान, पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, पूर्व ब्लॉक

## अतिवृष्टि से धार्मिक मंदिरों को खतरा, चैथमाता मंदिर झुका



**बढ़ता राजस्थान**

**नैनवां (टी.आर सैनी))।** लगातार हो रही अतिवृष्टि से नैनवां शहर के ऐतिहासिक और धार्मिक मंदिर भी प्रभावित होने लगे हैं। नवल सागर की पाल पर स्थित कंवर नैनसिंह छतरियों के परिसर की सुरक्षा दीवार भारी बारिश और तालाब में बढ़े जलस्तर के दबाव से ढह गई। दीवार टूटने से पूरे परिसर पर खतरा मंडराने लगा है। जानकारी मिलते ही तहसीलदार रामराय मीणा, उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा और हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का अवलोकन किया और तालाब किनारे बेरिकेट्स लगवाए। हल्का पटवारी को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंवर नैनसिंह महाराज की छतरियों का परिसर तालाब के किनारे स्थित है और बरसों पुरानी यह सुरक्षा दीवार लगातार बारिश व अत्यधिक पानी के दबाव से टूट गई है। अब पानी का रिसाव परिसर के भीतर होने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने पालिका प्रशासन से ढही हुई दीवार के सहारे मिट्टी के कट्टे डालकर रिसाव रोकने की मांग की है।

## छह सफाई कर्मचारियों की सेवा बहाल, वीडियो विवाद पर लगी विराम

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा/शाहपुरा (अमित शर्मा)।** शाहपुरा नगर पालिका के छह सफाई कर्मचारियों को सेवा में बहाल कर दिया गया है। ये कर्मचारी बेजुबान कुत्तों को पकडऩे की कार्रवाई के दौरान बनाए गए वीडियो के वायरल होने पर निलंबित कर दिए गए थे।

नगर में लगातार बढ़ रही डॉग बाइट घटनाओं को देखते हुए पालिका प्रशासन ने कुत्तों को पकडऩे के निर्देश दिए थे। कार्रवाई के दौरान बना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे गंभीर मानते हुए नगर पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। बाद में वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति ने गलती स्वीकारते हुए माफी मांग ली और वीडियो हटा भी लिया। इसके बावजूद कर्मचारियों की बहाली को लेकर शहर में विवाद खड़ा हो गया। सामाजिक संस्थाएं और सफाई कर्मचारी यूनियन उनके समर्थन में आगे आईं। यूनियन ने ज्ञापन सौंपकर निलंबन वापस लेने की मांग की और हड़ताल की चेतावनी भी दी। स्थिति को गंभीर होता देख शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने निलंबन को अनुचित बताते हुए उच्चाधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद डीएलबी (डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज) ने छहों कर्मचारियों की बहाली के आदेश जारी कर दिए। मंगलवार देर रात विधायक ने अपने कार्यालय में कर्मचारियों को बहाली आदेश सौंपे। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, भाजपा नेता और सफाई कर्मचारी यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे। सफाई कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र घुसर ने विधायक और पालिका प्रशासन का आभार जताया।

## पर्यूषण पर्व के छठे दिन सुगंध दशमी- उत्तम संयम धर्म की आराधना



**बढ़ता राजस्थान**

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। दिगंबर जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व के छठे दिन मंगलवार को उत्तम संयम धर्म और सुगंध दशमी पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष सुनील कोठारी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत प्रतिदिन सथाना बाजार स्थित चंदाप्रभु मंदिर और संजयनगर रोड स्थित शांतिनाथ जिनायतन मंदिर में प्रातःकाल मूलनायक भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और नित्य पूजा-अर्चना की जा रही है। मंत्री पदम अजमेरा ने बताया कि मंगलवार को विधान पूजन के बाद दोनों मंदिरों में धूप दशमी का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने अष्टकर्मों की निर्जरा के लिए भगवान के समक्ष धूप अर्पित की और महाआरती की गई। विधानाचार्य डॉ. मीना दीदी और साधना दीदी ने शास्त्र सभा में उत्तम संयम धर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि संयम का अर्थ केवल इंद्रियों पर नियंत्रण ही नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की ओर अग्रसर होना है। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने जीवन में संयम अपनाने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी।

ऐतिहासिक डोल यात्रा

# स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान श्री रंगनाथ

**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी(अनन्त दाधीच)।** छोटी काशी के नाम से विख्यात बूंदी में मंगलवार को भगवान श्री रंगनाथ जी की ऐतिहासिक डोल यात्रा धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान भगवान का नगर भ्रमण श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत और भक्तिमय अनुभव रहा। पूरा शहर धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से सराबोर हो उठा।

पूर्व राजपरिवार ने किया शुभारंभ यात्रा का शुभारंभ मोती महल से हुआ। इस अवसर पर बूंदी के पूर्व राजपरिवार के सदस्य महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने भगवान श्री रंगनाथ, श्री गोविंदनाथ और श्री पीतांबर जी की आरती उतारकर यात्रा को हरी झंडी दिखाई। आयोजन की तैयारियां देवस्थान विभाग और श्री रंगनाथ सेवा समिति द्वारा की गई थीं।





बारिश के कारण बदला मार्ग

सुबह से जारी बारिश के चलते नवल सागर के गेट खोले जाने पर नागदी नदी उफान पर आ गई। इसके कारण डोल यात्रा का पारंपरिक मार्ग बदलना पड़ा। यात्रा मोती महल से शुरू होकर बुलबुल के चबूतरे और नाहर के चोहटे से होती हुई रावला चौक पहुँची और वहाँ से राम सागर घाट तक पहुँची।

महाआरती और स्नान के साथ समापन राम सागर घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री रंगनाथ का सागर स्नान करवाया गया और आरती उतारी गई। इसके बाद डोल यात्रा पुनः रावला चौक स्थित श्री रंगनाथ मंदिर पहुँची, जहाँ महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

श्री रंगनाथ सेवा समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि इस वर्ष देवस्थान विभाग के सहयोग से यात्रा को और भी भव्य रूप दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर शहर के कई मंदिरों में भी भगवान का बिहार कराया गया। कसेरा समाज द्वारा भगवान का बिहार चूड़ी बाजार से कागदी देवरा होते हुए जैत सागर झील तक निकाला गया, जहाँ विधिवत पूजा-अर्चना और आरती संपन्न हुई।

## जल झुलनी एकादशी पर किए बैवाण के दर्शन, सुख समृद्धि की कामना की

**बढ़ता राजस्थान**

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जलझूलनी एकादशी पर बुधवार को निम्बाहेड़ा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों से शाही लवाजमे एवं अखाड़ा प्रदर्शन के साथ ठाकुरजी के बैवाण (राम रेवाड़ी) निकाले गए। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर समीपवर्ती ग्राम कल्याणपुरा एवं प्रकाशनगर के ग्रामीणों एवं युवाओं द्वारा दो अलग-अलग बेवाण निकाले गए।



कल्याणपुरा के ग्रामीणों द्वारा निम्बाहेड़ा रेलवे फाटक के समीप से बजरंग व्यायाम शाला के पहलवानों के साथ अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए राम रेवाड़ी निकाली गई। वहीं, प्रकाश नगर के युवाओं एवं ग्रामीणों ने सिगरी हनुमान मंदिर से स्वामी विवेकानंद व्यायाम शाला के द्वारा राम रेवाड़ी निकाली गई। दोनों शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु स्त्री, पुरुष मौजूद रहे। शोभायात्राओं के कल्याणपुरा के बड़े मंदिर चौक पर पहुंचने के दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर एवं भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी ने शोभायात्रा में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा युवाओं के आग्रह पर तलवार एवं बनास्टि अखाड़ा प्रदर्शन किया। इससे पूर्व अखाड़े के उस्ताद सोहन माली, लक्ष्मीचंद कीर, गोविंद कीर, सुरेश कीर, रमेश कीर, प्रहलाद कीर, कालूराम कीर, लालजी, गिरिराज कीर, सांवरिया कीर, नारायण कीर, शम्भूलाल कीर, कन्हैयालाल कीर, गोविंद कीर, गोलू कीर, बादल कीर, कानजी कीर, किशन कीर सहित आदि ने अतिथियों का उपरना ओढाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। शोभायात्राओं पर भक्तजनों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा की गई।

## 'रंगीलो रास' सीजन-5 का पोस्टर जारी, भव्य आयोजन की तैयारियां तेज

**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी(अनन्त दाधीच)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बूंदी जिला शाखा ने अपने बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रंगीलो रास सीजन-5' की औपचारिक घोषणा कर दी है। बुधवार को एक रिसॉर्ट में आयोजित समारोह में कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया।



पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष द्वारका मंत्री, महामंत्री नरेश जिंदल और प्रदेश मंत्री लक्ष्मी चंद्र गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश युवा उपाध्यक्ष महेंद्र हरसोरा, महिला अध्यक्ष निधि गंगवाल और युवा अध्यक्ष प्रदीप हरसोरा भी मौजूद थे।

समारोह में अन्य समाजों के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की और इसे सामाजिक एकता का मंच बताया। महेश्वरी समाज अध्यक्ष भगवान बिरला, जैन श्वेतांबर अध्यक्ष अशोक भंडारी और अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष रिया गोयल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना समर्थन जताया। साथ ही विनोद कोटिया, ओमप्रकाश ठग, नरोत्तम जैन, राजकुमार गोयल, नेहा मंत्री, रेनू बाहेती और मेनका जाजू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभी वक्ताओं ने 'रंगीलो रास सीजन-5' की सफलता की शुभकामनाएं दीं और इसे और भी भव्य बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

यह आयोजन बूंदी में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि 'रंगीलो रास' का यह सीजन शहरवासियों के लिए यादगार अनुभव साबित होगा।

## 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आज से

**बढ़ता राजस्थान**


**कपासन (नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ जिले की 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता (छात्र एवं छात्रा वर्ग 14 वर्ष) का शुभारंभ आज गुरुवार प्रातः 9 बजे होगा। यह आयोजन राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय पांडोली स्टेशन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पांडोली स्टेशन के उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर की 25 टीमें हिस्सा लेंगी। शुभारंभ अवसर पर सांसद सी.पी. जोशी, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष मि_लाल जाट, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जगदीशचंद्र सुथार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंभुलाल जाट और मोहनलाल शर्मा, नगरपालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, शनि महाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी, सरपंच पारस कंवर और उपसरपंच प्रेम देवी खंडेलवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहेंगे।

## विधायक अशोक कोठारी ने उठाई मांग, बोले- चेयरमैन और मेयर का चुनाव सीधे जनता करे

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में शहरी निकायों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चेयरमैन और मेयर का चुनाव सीधे जनता के वोटों से होना चाहिए, न कि पार्षदों के माध्यम से।

कोठारी ने विशेष उल्लेख प्रस्ताव-295 के जरिए विधानसभा अध्यक्ष के मार्फत राज्य सरकार से इस व्यवस्था को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों में मेयर और चेयरपर्सन का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होता है, जिससे जनता की भावना का सम्मान होता है और एक स्वच्छ छवि वाला नेता सामने



आता है। उन्होंने मौजूदा अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इसमें अक्सर धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल होता है। इससे निजी स्वार्थ रखने वाले लोग सत्ता में आ जाते हैं और स्थानीय निकाय भ्रष्टाचार का अड्डा बन जाते हैं।

कोठारी ने कहा कि पार्षदों से चुने गए मेयर और चेयरपर्सन कई बार अपने चुनाव में खर्च की गई राशि की भरपाई के लिए गलत रास्ते अपनाते हैं, जिससे जनता ठगा हुआ महसूस करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र का सार यही है कि सरकार जनता की हो, जनता के लिए काम करे और जनता द्वारा चुनी जाए।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि राजस्थान में भी अन्य राज्यों की तर्ज पर शहरी निकायों के प्रमुखों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान द्वारा कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि जनता के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

जलझुलनी एकादशी महोत्सव

## ठाकुर जी की भव्य पालकी यात्रा ने मोहा मन

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर से सटे नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में जलझुलनी एकादशी महोत्सव बुधवार को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महापर्व के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े और ठाकुर जी की झांकी एवं पालकी यात्रा के दर्शन किए।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 बजे ठाकुर जी के दुग्धाभिषेक से हुई। इसके बाद श्री माधव गौशाला प्रांगण में विश्व शांति हेतु विशेष हवन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दंपतियों ने भाग लिया। भक्तों की सुविधा के लिए दुग्धाभिषेक और पूजा-अर्चना की विशेष व्यवस्थाएं की गईं।



**पालकी यात्रा रहा आकर्षण का केंद्र:** दोपहर 2:30 बजे मंदिर प्रांगण से ठाकुर जी की पालकी यात्रा प्रारंभ हुई, जो नौगांवा तालाब तक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बारी-बारी से पालकी को कंधा देने का सौभाग्य प्राप्त किया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री सांवरिया सेठ के जयकारों से गूंज उठा।

पालकी यात्रा में श्री सांवरिया सेठ मंडल गाडरमाला के सदस्य राजू सेन, बबलू सेन, सुखलाल सुथार, दिनेश सुथार, छोटू सेन, कालू साहू, महावीर साहू, राजू साहू, गणपत सेन, रतन साहू, रामेश्वर सेन, कन्हैया वैष्णव, उदयलाल सुथार और हिम्मत सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

**पदयात्रा ने बढ़ाई शोभा:** इससे पूर्व इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर, भीलवाड़ा से करीब 600 श्रद्धालुओं की पदयात्रा मंदिर पहुंची, जिसने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था कर आयोजकों ने उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखा।

शाम 6.15 बजे ठाकुर जी की मंदिर में वापसी के साथ महाआरती हुई और प्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

मेला संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि सुरक्षा, चिकित्सा और पेयजल की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडानी ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार जताया।

## जे.के. सीमेंट निम्बाहेड़ा व मांगरोल में गणेश उत्सव 2025 का भव्य आयोजन

**बढ़ता राजस्थान**

निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। जे.के. सीमेंट ऑफिसर्स क्लब, निम्बाहेड़ा व मांगरोल की ओर से दिनांक 27 अगस्त से 6 सितंबर, 2025 तक गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 11 दिवसीय इस उत्सव में प्रतिदिन आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक भोजन का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन कर्मचारियों व उनके परिवारों को एकता, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के सूत्र में पिरो रहा है।

निम्बाहेड़ा स्थित कैलाश नगर कॉलोनी में यूनिट हेड श्री मनीष तोषनीवाल एवं एच.आर. हेड श्री प्रभाकर मिश्रा ने 27 अगस्त को मुख्य अतिथि के रूप में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर मूर्ति स्थापना की और उत्सव का शुभारंभ किया। वहीं, मांगरोल की सुशीला नगर कॉलोनी में टेक्निकल हेड श्री मुरली मनोहर लड्ढा ने विधि-विधान से गणपति स्थापना कर उत्सव का आरंभ किया। कैलाश नगर कॉलोनी में प्रतिदिन विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उत्सव का मुख्य आकर्षण जे.के. गॉट टैलेंट का ग्रैंड फिनाले होगा, जो 6 सितंबर को आयोजित होगा। इसमें प्रतिभागी अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद पुरस्कार वितरण एवं सामूहिक रात्रिभोज के साथ उत्सव का समापन होगा।इस आयोजन में निम्बाहेड़ा इकाई में यूनिट हेड श्री मनीष तोषनीवाल और एच.आर. हेड श्री प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में ऑफिसर्स क्लब के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा व सचिव दुष्यंत सिंह, तथा मांगरोल इकाई में अध्यक्ष एवं टेक्निकल हेड श्री मुरली मनोहर लड्ढा व सचिव विशाल लड्ढा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

महिला मंडल द्वारा भी उत्सव में सक्रिय भागीदारी की जा रही है। सुरभि लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती स्नेहा तोषनीवाल के नेतृत्व में महिला मंडल का योगदान सराहनीय रहा।

# रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए, 500+ड्रोन लॉन्च-मिसाइलें भी दागीं; जेलेंस्की ने मांगी मदद

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन पर एक ही रात में 500 से ज्यादा ड्रोन और 24 मिसाइलें दागीं। इस हमले में पांच लोग घायल हुए, जबकि इसका मुख्य निशाना ऊर्जा संयंत्र और नागरिक ढांचा रहा। वहीं पुतिन की हालिया कूटनीतिक गतिविधियां अमेरिका और यूरोप के लिए चिंता का कारण बन गई है। जबकि जेलेंस्की और यूरोपीय नेता युद्ध को खत्म करने और यूक्रेन की सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास में जुटे हैं। रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन पर अब तक का बड़ा हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं। इस हमले का सबसे ज्यादा निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है।

### पुतिन पर को अंतरराष्ट्रीय अंकुश नहीं- जेलेंस्की

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का केंद्र पश्चिमी और मध्य यूक्रेन रहा। इस दौरान कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्लादिमीर पुतिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना चाहते हैं कि उन पर कोई अंकुश नहीं है।

### रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं- जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, 'पुतिन अपनी निर्दयता और दंड से बचने की मानसिकता दिखा रहे हैं। रूस की यह आक्रामकता इसलिए जारी है क्योंकि उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था पर पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं है। अब समय आ गया है कि रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।' जेलेंस्की ने अपने मंगलवार शाम के वीडियो संदेश में बताया कि रूस की तरफ से ड्रोन हमलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, और अब दिनदहाड़े भी हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी सेना ने मोर्चे के कुछ इलाकों में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### ट्रंप की शांति योजना पर क्या अड़चन?

पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को रोकने के लिए पहल की है। जेलेंस्की ने युद्धविराम और पुतिन के साथ आमने-सामने शांति वार्ता के ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन रूस ने इसमें अड़चनें डाली हैं। क्रेमलिन ने इन शर्तों को लेकर असहमति जताई है, जिससे शांति प्रयास अटके हुए हैं।

## शिकागो में श्रमिक दिवस के सप्ताहांत पर कई जगहों पर गोलीबारी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के शिकागो शहर में लेबर डे वीकेंड के दौरान हुई 37 गोलीबारी की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। शनिवार से सोमवार तक तीन बड़ी घटनाओं ने शहर को दहला दिया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है, लेकिन अधिकतर मामलों में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

अमेरिका के शिकागो शहर में श्रमिक दिवस के सप्ताहांत पर कई जगहों से गोलीबारी की खबरे सामने आई। इन गोलीबारियों में कुल आठ लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात से सोमवार रात तक शहर में कुल 37 अलग-अलग फायरिंग की घटनाएं हुईं, जिनमें 58 लोग गोली लगने से घायल हुए। इनमें ज्यादातर घटनाओं में एक ही व्यक्ति को निशाना बनाया गया, लेकिन तीन मामलों में कई लोग घायल हुए। कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ मामलों में संदिग्धों से पूछताछ हो रही है, लेकिन ज्यादातर मामलों में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

बता दें कि शिकागो में लेबर डे वीकेंड के दौरान तीन बड़ी गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं। शनिवार रात साउथ स्टेट स्ट्रीट पर एक गुजरती गाड़ी से भीड़ पर गोली चलाई गई, जिसमें दो महिलाएं और पांच पुरुष घायल हुए। रविवार तड़के वेस्ट हैडन एवेन्यू पर दो गाड़ियों से बाहर खड़े लोगों पर फायरिंग हुई, जिसमें एक पुरुष और तीन महिलाएं घायल हुईं। सोमवार सुबह साउथ कॉटेज ग्रोव एवेन्यू पर हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हुए, जिनमें एक 17 वर्षीय लड़के की हालत गंभीर है।

# तेल पर और ज्यादा रियायत और एस-400 की सप्लाई बढ़ाएगा रूस

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सितंबर माह में भारत द्वारा खरीदे गए रूसी कच्चे तेल में अगस्त के मुकाबले 10-20 प्रतिशत का उछाल आया था यानी कि भारत ने रूस से 1.50 लाख से 3 लाख बैरल की अतिरिक्त खरीद की थी। अब और छूट मिलने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

भारत द्वारा रूस से खरीदे जा रहे कच्चे तेल पर जल्द ही और ज्यादा रियायत मिल सकती है। साथ ही भारत और रूस से और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी मिल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ दबाव बनाने के बीच ये रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत के लिए तोहफा माना जा रहा है। भारत पहले ही रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा है और अब और ज्यादा डिस्काउंट मिलने से भारत का काफी पैसा बचेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूराल क्रूड की कीमत अब ब्रेंट क्रूड की तुलना में 3-4 डॉलर प्रति बैरल कम हो सकती है। सितंबर के अंत में और अक्तूबर माह में इस छूट का लाभ मिल सकता है। बीते हफ्ते यह छूट 2.50 डॉलर प्रति बैरल थी और जुलाई माह में यह 1 डॉलर प्रति बैरल थी। बीते महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिनमें से 25 प्रतिशत टैरिफ रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए लगाया गया था। अमेरिका का आरोप है कि भारत के रूस से कच्चा तेल खरीदने से यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। टैरिफ से भारत पर आर्थिक दबाव पड़ा है, लेकिन अब अगर रूस से कच्चे तेल पर और ज्यादा रियायत मिलती है तो यकीनन इससे भारत पर पड़ रहा आर्थिक दबाव कुछ हद तक कम होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सितंबर माह में भारत द्वारा खरीदे गए रूसी कच्चे तेल में अगस्त के मुकाबले 10-20 प्रतिशत का उछाल आया था यानी कि भारत ने रूस से 1.50 लाख से 3 लाख बैरल की अतिरिक्त खरीद की थी। अब और छूट मिलने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

### भारत को एस-400 की सप्लाई बढ़ेगी

मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि भारत और रूस के बीच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर बातचीत चल रही है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में ही 5.5 अरब डॉलर में पांच एस-400 डिफेंस सिस्टम की डील हुई थी, जिनमें से तीन सिस्टम भारत को मिल चुके हैं और बाकी दो एस-400 सिस्टम साल 2026 और 2027 में मिलने की उम्मीद है। रूस की फेडरल सर्विस फॉर मिलिट्री टेक्निकल कॉपरेशन के मुखिया दिमित्री सुगायेव के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि एस-400 को लेकर दोनों देश सहयोग बढ़ाने पर बातचीत कर रहे हैं और इसके चलते और डील हो सकती है और फिलहाल इसके लिए बातचीत चल रही है।

## सैन्य परेड में दिखी चीन की युद्ध क्षमता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित परेड में सैकड़ों सैनिकों ने भाग लिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही भव्य सैन्य परेड में बुधवार को चीन ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। चीनी सेना ने दुनिया को पहली बार अपने जेट लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता से जुड़े कुछ आधुनिक हथियारों से रूबरू कराया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और ईरान, मलेशिया, म्यांमार, मंगोलिया, इंडोनेशिया, जिम्बावे और मध्य एशियाई देशों के नेताओं सहित 26 विदेशी नेताओं ने इसमें भाग लिया। द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित परेड में सैकड़ों सैनिकों ने भाग लिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया।

## इस्राइली हमले के बाद यमन में हूती-विद्रोहियों ने की यूएन के दफ्तरों में छापेमारी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के दफ्तरों पर छापा मारकर 19 कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है, जिनमें 18 यमनी और एक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी शामिल हैं। यह कार्रवाई इस्राइली हमले में हूती प्रधानमंत्री की मौत के बाद की गई। यमन की राजधानी सना में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दफ्तरों पर हूती विद्रोहियों की ओर से की गई छापेमारी में 19 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। यह संख्या पहले बताई गई संख्या से ज्यादा है। यूएन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को जानकारी दी कि हिरासत में लिए गए 19 लोगों में से 18 यमनी नागरिक हैं और एक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को तुरंत रिहा करने की अपील की। ये छापेमारी रविवार को एजेंसी के उन दफ्तरों पर की गई, जो खाने-पीने, स्वास्थ्य और बच्चों से जुड़ी सेवाएं देती हैं। यह कार्रवाई इस्राइल के उस हवाई हमले के बाद की गई, जिसमें हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और कई कैबिनेट मंत्रियों की हत्या कर दी गई थी। शांति वार्ताओं की उम्मीदें तब खत्म हो गईं, जब सात अक्तूबर 2023 को हमास ने दक्षिण इस्राइल पर हमला किया था। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा पर युद्ध छेड़ दिया। इसके बाद हूती विद्रोहियों ने गाजा के फलस्तीनी के समर्थन में लाल सागर में जहाजों पर हमले शुरू कर दिए। इसके जवाब में अमेरिका और इस्राइल ने यमन के हूती-नियंत्रित इलाकों पर हवाई हमले किए।

# बोइंग के खिलाफ आपराधिक मामले पर कोर्ट में सुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** टेक्सास की संघीय अदालत में बोइंग के खिलाफ दर्ज आपराधिक धोखाधड़ी मामले को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें बोइंग 737 मैक्स के हादसों में मारे गए 346 लोगों के परिवारों को भी अपील का आखिरी मौका मिल सकता है।

टेक्सास की एक संघीय अदालत में आज उस याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें सरकार ने बोइंग के खिलाफ दर्ज आपराधिक धोखाधड़ी के मामले को रद्द करने की मांग की है। इसके साथ ही यह सुनवाई बोइंग 737 मैक्स के विमान हादसों में मारे गए लोगों के परिवारों को भी आखिरी मौका दे सकती है कि वे कंपनी पर आराधिक मुकदमा चलाने की मांग करें।

चीफ जस्टिस रीड ओ'कॉनर याचिका पर सुनवाई करेंगे। यह मामला दो विमान हादसों से जुड़ा है, जिसमें 346 लोगों की जान गई थी। इनमें एक विमान हादसा इंडोनेशिया और दूसरा इथियोपिया में हुआ था। इसके बदले में बोइंग ने कहा है कि वह 1.1 अरब डॉलर अतिरिक्त खर्च करेगा, जिसमें जुर्माना, मृतकों के परिजनों को मुआवजा और कंपनी की अंदरूनी सुरक्षा और गुणवत्ता सुधारना शामिल है।

अभियोजकों का कहना है कि बोइंग ने उड़ान नियंत्रण प्रणाली (फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम) को लेकर सरकारी नियामकों को गुमराह किया और इन विमान हादसों में इस प्रणाली की भूमिका पाई गई थी। ये दोनों हादसे 2018 और 2019 में पांच महीनों से भी कम अंतराल में हुए थे।

चार साल का वक्त बीत जाने के बाद यह सुनवाई हो रही है। 2021 में पहली बार अमेरिकी न्याय विभाग ने बोइंग पर आरोप लगाए थे और कंपनी के साथ 2.5 अरब डॉलर का समझौता किया था। उस समझौते में बोइंग को आपराधिक मुकदमे से बचाया गया था, बशर्ते वह अपने नैतिक और कानूनी अनुपालन कार्यक्रमों को मजबूत करे। हालांकि, पिछले साल अभियोजकों ने कहा कि बोइंग ने इस समझौते का उल्लंघन किया, जिसके बाद दोबारा मामला शुरू हुआ।

बोइंग ने कोर्ट में मुकदमे का सामना करने की बजाय खुद को दोषी मान लिया था। लेकिन दिसंबर 2024 में जज ओ'कॉनर ने इस समझौते को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। ओ'कॉनर, जिन्हें राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश ने जज बनाया था, को यह चिंता थी कि सरकार और बोइंग की 'विविधता नीति' उस स्वतंत्र निगरानी अधिकारी की नियुक्ति को प्रभावित कर सकती हैं, जो कंपनी में किए जाने वाले सुधारों की देखरेख करेगा।

जिन पीड़ित परिवारों के वकील चाहते थे कि मामला खुली अदालत में चले और बोइंग को सख्त सजा मिले, उन्होंने जज के फैसले का समर्थन किया। लेकिन जो देरी हुई, उसका फायदा बोइंग को मिल गया। जज ओ'कॉनर ने जब उस समझौते को मानने से मना कर दिया, तो कंपनी को मौका मिला कि वह सरकार के आरोपों को चुनौती दे सके। इसके बाद अभियोजकों को बोइंग के साथ नया समझौता करने में छह महीने लग गए। इसी दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोबारा सत्ता में आए और उन्होंने उन विविधता पहलों को बंद करने का आदेश दिया, जिनको लेकर ओ'कॉनर को आपत्ति थी।

## पाकिस्तान में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हमला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** बन्नू जिले में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलावरों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से मुख्यालय की दीवार से टक्कर मार दी। उन्होंने संघीय कांस्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश की। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर मंगलवार को हमला हुआ। इसमें छह पाकिस्तानी सैनिक और पांच हमलावरों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि बन्नू जिले में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलावरों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से मुख्यालय की दीवार से टक्कर मार दी। उन्होंने संघीय कांस्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश की। आत्मघाती विस्फोट के कारण दीवार ढह गई। सुरक्षा बलों ने हमलावरों पर गोलियां चलाईं। इसमें पांच हमलावरों की मौत हो गई। गोलीबारी में छह सैनिक मारे गए। इसमें एफसी और पाकिस्तानी सेना के जवान शामिल थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com"पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार